Weather Report
अधिकतम तापमान: 32.0c
न्यूनतम तापमान: 21.0c
हवा गति: 11 कि./घं.
जयपुर सूर्योदय समय
सुबह: 6.06

दैनिक
संजीवनी टुडे
sanjeevnitoday.com
समय के साथ बढ़ता अखबार

वर्ष: 11 अंक: 27 जयपुर, सोमवार, 01 जुलाई 2024 पृष्ठ:8 मूल्य: ₹1.50

अब होगी खुशियों की बात संजीवनी टुडे के साथ
जन्मदिवस, वैवाहिक वर्षगांठ एवं नियुक्ति बधाई संदेश
मात्र 1100/- में
साईज 8x10 cm
संजीवनी टुडे

4 महीने बाद पीएम मोदी की मन की बात: बोले

मां के नाम पर पेड़ लगाएं, पेरिस ओलिंपिक के लिए खिलाड़ियों को बधाई दी

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री मोदी ने लगभग 4 महीने बाद रेडियो प्रोग्राम 'मन की बात' की। इस दौरान उन्होंने लोकसभा चुनाव, हूल दिवस, रथयात्रा-अमरनाथ यात्रा, कुवैत रेडियो के हिंदी शो, लोकल प्रोडक्ट्स, पर्यावरण दिवस और योग दिवस पर बात की। पीएम ने 26 जुलाई से होने वाले पेरिस ओलिंपिक में जाने वाली भारतीय टीम को शुभकामनाएं दीं और कहा कि इस बार ओलिंपिक में कुछ चीजें पहली बार देखने को मिलेंगी। खिलाड़ी भी अलग लेवल का रोमांच दिखाएंगे। इससे पहले मन की बात 110वां एपिसोड फरवरी में टेलिकास्ट हुआ था। तब घ्व्र मोदी ने कहा था कि राजनीतिक मर्यादा के चलते लोकसभा चुनाव के दौरान 3 महीने 'मन की बात' का प्रसारण नहीं होगा। देशवासियों और चुनाव आयोग को धन्यवाद दिया। साथ ही कहा कि जनता ने संविधान और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं पर अटूट विश्वास दोहराया है। 2024 का चुनाव, दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव था। दुनिया के किसी भी देश में इतना बड़ा चुनाव कभी नहीं हुआ, जिसमें 65 करोड़ लोगों ने वोट डाले हैं। आदिवासियों के 'हूल दिवस' पर कहा कि यह दिन वीर सिद्धो-कान्हू के साहस से जुड़ा है इन्होंने विदेशी शासकों का विरोध किया था। साथ ही झारखंड के संथाल परगना से हजारों संथाली साथियों को एकजुट करके अंग्रेजों से 1855 में विदेशी शासकों के खिलाफ हथियार उठाए थे।

11 विदेशी भाषाओं में भी होता है मन की बात का ब्रॉडकॉस्ट

मन की बात को 22 भारतीय भाषाओं और 29 बोलियों के अलावा 11 विदेशी भाषाओं में भी ब्रॉडकॉस्ट किया जाता है। इनमें फ्रेंच, चीनी, इंडोनेशियाई, तिब्बती, बर्मी, बलूची, अरबी, पश्तू, फारसी, दारी और स्वाहिली शामिल हैं। मन की बात की ब्रॉडकास्टिंग आकाशवाणी के 500 से अधिक ब्रॉडकास्टिंग सेंटर द्वारा किया जाता है। विश्व पर्यावरण दिवस पर शुरू किए अभियान एक पेड़ मां के नाम का जिक्र किया। उन्होंने बताया, 'मैंने भी एक पेड़ अपनी मां के नाम लगाया है।' पिछले दस साल में बढ़े फॉरेस्ट कवर और अमृत महोत्सव के दौरान बनाए गए 60 हजार से ज्यादा सरोवरों की चर्चा की। उन्होंने मां के नाम पर पेड़ लगाने की अपील की। कुवैत सरकार ने नेशनल रेडियो पर हिंदी में एक कार्यक्रम शुरू किया है। कुवैत रेडियो पर हर रविवार आधे घंटे टेलिकास्ट होता है। पीएम ने बताया कि इस प्रोग्राम में भारतीय संस्कृति के अलग-अलग रंग शामिल होते हैं। इसमें भारतीय फिल्मों, कला जगत से जुड़ी चर्चाओं के बारे में बताया जाता है।

110वें एपिसोड में पीएम ने नारी-शक्ति के योगदान पर बात की थी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेडियो प्रोग्राम मन की बात के 110वें एपिसोड में नारी-शक्ति के योगदान को नमन किया था। पीएम ने कहा था कि महाकवि भारतियार जी ने कहा है कि विश्व तभी समृद्ध होगा, जब महिलाओं को समान अवसर मिलेंगे। आज भारत की नारी-शक्ति हर क्षेत्र में प्रगति की नई ऊंचाइयों को छू रही है। उन्होंने एपिसोड में ड्रोन दीदी से बात की। पीएम ने कहा था कि कुछ साल पहले तक किसने सोचा था कि हमारे देश में, गांव में रहने वाली महिलाएं भी ड्रोन उड़ाएंगी! लेकिन आज ये संभव हो रहा है। आज तो गांव-गांव में ड्रोन दीदी की इतनी चर्चा हो रही है, हर किसी की जुबान पर नमो ड्रोन दीदी, नमो ड्रोन दीदी ये चल पड़ा है। हर कोई इनके विषय में चर्चा कर रहा है। 21 जून को दुनिया भर में मनाए गए 10वें योग दिवस पर पीएम मोदी जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में शामिल हुए थे। उन्होंने बताया कि हर साल योग दिवस में नए-नए रिकॉर्ड्स बन रहे हैं। कश्मीर में युवाओं के साथ-साथ बहनों-बेटियों ने भी योग दिवस में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था। 30 जून को आकाशवाणी के संस्कृत बुलेटिन टेलिकास्ट के 50 साल पूरे हुए। पीएम मोदी ने ऑल इंडिया रेडियो परिवार को बधाई दी। उन्होंने कहा संस्कृत की भारतीय ज्ञान-विज्ञान की प्रगति में बड़ी भूमिका रही है।

किरोड़ी बोले-सांसद का ठिकाना पता चल जाए, राजनीति छोड़ दूंगा

लोगों से कहा- कांग्रेस के बहकावे में आकर 10 साल सेवा करने वाले को हरा दिया

■ संजीवनी टुडे

टोंक। कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने टोंक में लोगों से कहा कि आपने 10 साल तक आपकी सेवा करने वाले सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया को हरा दिया। मैं आपको कहना चाहता हूं कि जिसको आपने चुनकर भेजा है, उसका 5 साल में फोन नंबर और ठिकाना भी पता चल जाए तो मैं राजनीति छोड़ दूंगा। किरोड़ीलाल मीणा रविवार को कृषि मंडी परिसर में आयोजित मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के शुभारंभ कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। किरोड़ी मीणा ने कहा कि टोंक की जनता ईआरसीपी को भूल गई और 10 साल तक सेवा करने वाले सुखबीर सिंह जौनापुरिया को हरा दिया। उन्होंने कहा कि जनता ने सोचा कि भाजपा 400 पार चली गई तो वह आरक्षण खत्म कर देगी और वह कांग्रेस के बहकावे में आ गई और चुनाव हरा दिया। कृषि मंत्री ने कहा- पीएम नरेंद्र मोदी ने चुनावों में गारंटी दी थी कि डॉ. भीमराव अंबेडकर भी आ जाएं तो मोदी के रहते आरक्षण खत्म नहीं होगा। चुनाव में विपक्ष ने लोगों को भ्रमित किया कि बीजेपी की 400 सीटें आईं तो आरक्षण खत्म हो जाएगा। लोग गुमराह हो गए और इससे हमें नुकसान हुआ। उन्होंने कहा कि मोदी के रहते आरक्षण किसी भी हालात में खत्म नहीं होगा। लोग इसको लेकर भ्रमित न हों। मंत्री

किरोड़ीलाल मीणा अक्सर अपने बयानों को लेकर चर्चा में बने रहते हैं। डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने लोकसभा चुनावों के प्रचार के दौरान सार्वजनिक तौर पर घोषणा की थी कि अगर बीजेपी उम्मीदवार दौसा सीट हारा तो वे मंत्री पद से इस्तीफा दे देंगे। इसके बाद उन्होंने घोषणा की थी कि पीएम मोदी ने उन्हें 7 सीटों की जिम्मेदारी दी है, इन सीटों पर बीजेपी हारी तो वे मंत्री पद छोड़ देंगे। बीजेपी दौसा सीट हार गई और पूर्वी राजस्थान की करौली-धौलपुर, टोंक-सवाई माधोपुर और भरतपुर सीट पर भी पार्टी को हार मिली। हार के बाद किरोड़ीलाल मीणा ने सरकारी गाड़ी का उपयोग करना छोड़ दिया था। अपने ऑफिस जाना छोड़ दिया था। सरकारी कार्यक्रमों से अलग-थलग रहने लगे थे। लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद यह पहला मौका था, जब वे किसी सरकारी कार्यक्रम में आए।

के. कविता की जमानत पर आज दिल्ली हाईकोर्ट में फैसला

कविता अभी तिहाड़ में बंद, शराब नीति मामले में बीआरएस नेता 15 मार्च को गिरफ्तार हुई थीं

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। शराब नीति से जुड़े भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बीआरएस नेता के. कविता की जमानत याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट आज अपना फैसला सुना सकता है। प्रवर्तन निदेशालय ने कविता को 15 मार्च को गिरफ्तार किया था। इसके बाद सीबीआई ने उन्हें 11 अप्रैल को गिरफ्तार किया था। कविता अभी तिहाड़ में बंद हैं। हाईकोर्ट की जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने 28 मई को कविता की दो जमानत याचिकाओं पर आदेश सुरक्षित रख लिया था। कविता ने ट्रायल कोर्ट के 6 मई के आदेश को चुनौती दी है, जिसमें उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी। प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली शराब नीति केस में 177 पेज की सप्लीमेंट्री चार्जशीट पेश की। इसमें कविता को 32वां आरोपी बनाया गया है। एजेंसी ने आरोप लगाया कि कविता ने जो 8 आईफोन जमा किए थे। इनमें 2 आईफोन 13 मिनी, 4 आईफोन 13 और 2 आईफोन 14 घ्न्ध शामिल हैं। ये सभी पहले ही फॉर्मेट कर दिए गए थे। इनका डेटा डिलीट कर दिया गया था। इनमें केस से जुड़े सबूत हो सकते हैं। क्क ने आरोप लगाया कि कविता को दिल्ली में 5 स्टार होटल के 10 लाख रुपए किराए वाले कमरे में ठहराया गया था। कविता ने साउथ ग्रुप के साथ शराब लाइसेंस के बदले दिल्ली

सरकार को 100 करोड़ रुपए के पेमेंट की साजिश रची। साथ ही इंडो स्पिरिट्स में हिस्सेदारी की भी प्लानिंग की थी। 100 करोड़ के बदले इंडो स्पिरिट्स को शराब का थोक लाइसेंस मिला, जिससे 12% के प्रॉफिट के जरिए दिल्ली शराब नीति रद्द होने तक इंडो स्पिरिट्स ने 192.8 करोड़ रुपए का लाभ कमाया। 100 करोड़ की रिश्वत के देने के बाद साउथ ग्रुप के कई लाइसेंस जारी हुए। उनकी हिस्सेदारी तय हुई। आप को दी गई 100 करोड़ रुपए की रिश्वत को व्हाइट मनी में बदलने के लिए गोवा चुनाव में खर्च किया गया। ये अपराध की आय है। फरवरी 2023 में सीबीआई ने कविता के अकाउंटेंट बुच्ची बाबू गोरंतला को गिरफ्तार किया। क्कने भी बुच्ची बाबू से पूछताछ की थी।

दिल्ली शराब घोटाले में के कविता का नाम कब आया

दिल्ली शराब घोटाले केस में ईडी ने गुरुग्राम से कारोबारी अमित अरोड़ा को 30 नवंबर, 2022 में गिरफ्तार किया था। ईडी के मुताबिक, अमित ने अपने बयान में के. कविता के नाम लिया था। जांच एजेंसी ने दावा किया था कि कविता ने विजय नायर के माध्यम से दिल्ली में इइ्घ सरकार के नेताओं को 100 करोड़ रुपए का भुगतान किया था। आप ने इस पैसे का इस्तेमाल गोवा और पंजाब विधानसभा चुनाव में किया।

जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने 30वें आर्मी चीफ का चार्ज लिया

रिटायरमेंट से पहले जनरल मनोज पांडे को गार्ड ऑफ ऑनर, 26 महीने पद पर रहे

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने रविवार (30 जून) को नए आर्मी चीफ का चार्ज संभाला। जनरल द्विवेदी 30वें सेना प्रमुख हैं। वे इसी साल 19 फरवरी को वाइस चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ बने थे। आर्मी चीफ बनने पर द्विवेदी लेफ्टिनेंट जनरल से जनरल रैंक पर प्रमोट हुए हैं। भारत सरकार ने 11 जून की रात उन्हें आर्मी चीफ बनाने का ऐलान किया था। इससे पहले वे सेना के वाइस चीफ, नॉर्दर्न आर्मी कमांडर, डीजी इन्फेंट्री और सेना में कई अन्य कमांड के प्रमुख के रूप में काम कर चुके हैं। जनरल द्विवेदी ने आर्मी चीफ के तौर पर जनरल मनोज पांडे की जगह ली है। जनरल मनोज पांडे आज ही रिटायर हुए हैं। लास्ट वर्किंग डे पर सेना की ओर से उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। वे 26 महीने तक आर्मी चीफ रहे। रिटायर्ड जनरल मनोज पांडे 31 मई को रिटायर होने वाले थे। हालांकि, सरकार ने पिछले महीने उनका कार्यकाल एक महीने के लिए बढ़ा दिया था। 25 मई को उन्हें एक्सटेंशन देने की घोषणा हुई थी।आम तौर पर सेना में इस तरह के फैसले नहीं लिए जाते। इस कदम से अटकलें लगाई जाने लगी थीं कि जनरल द्विवेदी को सेना की टॉप पोस्ट के लिए नजर अंदाज किया जा सकता है।

जनरल द्विवेदी के अपॉइंटमेंट में फॉलो किया गया सीनियरिटी कॉन्सेप्ट

जनरल द्विवेदी को चीफ ऑफ आर्मी बनाने में सरकार ने सीनियरिटी कॉन्सेप्ट फोटो किया। इस वक्त आर्मी में जनरल द्विवेदी के बाद सबसे सीनियर अफसर दक्षिणी सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल अजय कुमार सिंह हैं। जनरल द्विवेदी और लेफ्टिनेंट जनरल अजय कुमार सिंह, दोनों को 30 जून को रिटायर होना था। तीनों सेनाओं के प्रमुख 62 साल की उम्र तक या तीन साल, इनमें से जो भी पहले हो, तब तक सेवा दे सकते हैं। हालांकि, लेफ्टिनेंट जनरल रैंक के अधिकारियों की रिटायरमेंट एज 60 साल है, जब तक कि अधिकारी को फोर स्टार रैंक के लिए अप्रूव नहीं किया जाता है। जनरल उपेंद्र द्विवेदी मध्य प्रदेश के निवासी हैं। उन्होंने सैनिक स्कूल रीवा में पढ़ाई की और जनवरी 1981 में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में शामिल हो गए। उन्हें दिसंबर 1984 में जम्मू और कश्मीर राइफल्स की 18वीं बटालियन में नियुक्त किया गया था। उन्होंने बाद में कश्मीर घाटी और राजस्थान के रेगिस्तान में कमान संभाली। जनरल द्विवेदी परम विशिष्ट सेवा पदक, अति विशिष्ट सेवा पदक और तीन जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चार्ज प्रशस्ति कार्ड से सम्मानित हो चुके हैं। लेकिन सरकार के ऐलान के साथ ही इन सभी अटकलों पर विराम लग गया।

विराट-रोहित के बाद जडेजा का भी टी-20 इंटरनेशनल से संन्यास

■ संजीवनी टुडे

15 साल के करियर में 74 मैच खेले, 515 रन बनाए और 54 विकेट लिए

नई दिल्ली। भारतीय ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने रविवार को टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया। इससे पहले शनिवार को टीम के दो दिग्गज खिलाड़ी विराट कोहली और रोहित शर्मा ने वर्ल्ड कप फाइनल जीतने के कुछ देर बाद संन्यास की घोषणा की थी। टीम इंडिया ने 29 जून को बारबाडोस में साउथ अफ्रीका को फाइनल में हराकर 17 साल बाद टी-20 वर्ल्ड कप जीता। जडेजा ने लिखा, पूरे दिल से आभार जताते हुए मैं टी 20 इंटरनेशनल मैचों को अलविदा कहता हूं। मैंने हमेशा अपने देश के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है और अन्य फॉर्मेट में भी ऐसा करना जारी रखूंगा। टी-20 वर्ल्ड कप जीतना एक सपना सच होने जैसा था। आप लोगों के अटूट विश्वास के लिए धन्यवाद। जय हिंद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जडेजा के टी-20 इंटरनेशनल से रिटायरमेंट की घोषणा पर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। पीएम ने लिखा- ऑलराउंडर के तौर पर आपने काफी शानदार प्रदर्शन किया है। आपके स्टाइलिश शॉट, स्पिन गेंदबाजी और शानदार फील्डिंग की आपके फैन्स हमेशा तारीफ करते हैं। पिछले कई सालों से टी-20 में आपके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए धन्यवाद। रवींद्र जडेजा ने भारत के लिए 2009 में डेब्यू किया था। टी-20 फॉर्मेट में उन्होंने कुल 74 मैच खेले। उन्होंने 127.16 के स्ट्राइक रेट से 515 रन बनाए और 54 विकेट अपने नाम किए। इसके अलावा बाएं हाथ के गेंदबाज भारतीय टी-20 टीम में 2009 से 2024 तक शामिल रहे। इस दौरान उन्होंने कुल 30 मैच खेले। इनमें जडेजा ने 130 रन बनाए और 22 विकेट अपने नाम किए। वहीं, एशिया कप में उन्होंने 6 मैच खेले। इनमें उन्होंने दो पारियों में 35 रन बनाए।

जून में सामान्य से 11% कम बारिश

गुजरात में भारी बारिश से कई शहरों में जलभराव, लोनावला में बांध के पानी में पांच लोग बहे

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। देश में मानसून की एंट्री हुए एक महीना पूरा हो गया है। मानसून देश के सभी राज्यों में पहुंच गया है और अगले तीन दिन में इसके राजस्थान, पंजाब और हरियाणा के बाकी हिस्से को कवर करने का अनुमान है। बीते 30 दिन में देश में सामान्य से 11% कम बारिश हुई है। हालांकि अब देशभर में भारी बारिश हो रही है। रविवार को महाराष्ट्र, बिहार, राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और अरुणाचल प्रदेश समेत कई अन्य राज्यों में भारी बारिश हुई। वहीं उत्तरपूर्वी अरब सागर में चक्रवाती सर्कुलेशन बनने से गुजरात में भारी बारिश हो रही है। सूरत, भुज, वापी, भरूच और अहमदाबाद में जलभराव की स्थिति बन गई। राज्य में अगले चार दिन ऐसे ही बारिश होने वाली है। इधर, रविवार दोपहर पुणे के पास लोनावला में एक ही परिवार के पांच लोग भुशी डैम के पानी में बह गए। इनमें एक महिला, 13 साल की लड़की, 6 साल की 2 बच्चियां और 4 साल का एक लड़का शामिल था। इनमें से महिला और दो बच्चों की बॉडी बरामद हुई है। रविवार को भुशी डैम में बड़ी संख्या में पर्यटक घूमने गए थे, जहां बांध का पानी पहले से ही ओवरफ्लो हो रहा था।

दिल्ली में बारिश के चलते जान गंवाने वालों के परिवार को 10 लाख रुपए मुआवजा

दिल्ली की मंत्री आतिशी ने रविवार को ऐलान किया कि 28 जून को हुई भारी बारिश के कारण हुए जलभराव में डूबने की वजह से जिन लोगों की जान गई है, उनके परिवारों को 10 लाख रुपए मुआवजा दिया जाएगा। शुक्रवार को दिल्ली में मानसून के पहले दिन 228.1 मिमी बारिश हुई, जिसकी वजह से पूरी दिल्ली में जलभराव हो गया था। इसके चलते 11 लोगों की मौत की जानकारी सामने आई है। दिल्ली में अगले दो दिन भारी बारिश की चेतावनी है। इसके चलते जलभराव न हो इसके लिए सिविक बॉडीज ने मैनपावर बढ़ाने और इक्विपमेंट लगाने शुरू कर दिए हैं। पानी का बहाव तेज होने से पांचों लोग इसमें बह गए। उनके शव करीब दो किमी दूर बरामद हुए। तीन शव मिलने के बाद रेस्क्यू ऑपरेशन को रोक दिया गया। सोमवार सुबह रेस्क्यू फिर शुरू किया जाएगा। आईएमडी के मुताबिक सोमवार को पूरे देश में हल्की से भारी बारिश होगी। देश के 25 राज्यों में अगले पांच दिन के लिए भारी से अति भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इसमें राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल, पंजाब, हरियाणा, गुजरात, महाराष्ट्र, दिल्ली, बिहार, झारखंड, दक्षिणी राज्य और पूर्वोत्तर राज्य शामिल हैं। दो-तीन दिनों से देश के अलग-अलग हिस्सों में मूसलाधार बारिश से बीते गुरुवार (27 जून) तक जून में बारिश की जो 19% कमी थी, वह रविवार (30 जून) को घटकर 11% रह गई। 29 जून तक सामान्यतः 165.3 एमएम बारिश होनी चाहिए, लेकिन 147.2 एमएम बारिश हुई है। यह तीसरा वर्ष होगा, जब जून में सामान्य से कम बारिश दर्ज हुई है। 10 वर्षों में ऐसा चार बार ही हुआ है कि बारिश सामान्य से ज्यादा हुई है।

हरियाणा में 3 साल की बच्ची से रेप

माता-पिता संग सोई थी, उठाकर ले गए 2 युवक, कुछ दूरी पर खून से लथपथ मिली

■ संजीवनी टुडे

फतेहाबाद। हरियाणा के टोहाना में साढ़े 3 साल की बच्चे के साथ रेप किया गया। क्षेत्र के एक गांव की ढाणी (खेत में बने मकान) में रहने वाले परिवार की बच्ची को 2 युवक आधी रात को घर से उठाकर ले गए। रविवार सुबह बच्ची घर पर नहीं मिली तो उसकी तलाश शुरू की गई। इसके बाद बच्ची कुछ ही दूर सड़क पर लहूलुहान हालत में मिली। परिजनों ने उसके साथ रेप किए जाने के आरोप लगाए हैं। टोहाना पुलिस मामले में छानबीन में जुटी हुई है। बच्ची को अस्पताल लाया गया है। पुलिस को दी शिकायत में बच्ची के माता-पिता ने बताया कि वे मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बहराइच क्षेत्र के रहने वाले हैं। वे डेढ़ 2 माह पहले टोहाना के पास स्थित एक गांव में खेत मजदूरी करने के लिए आए थे। यहां एक जमींदार के खेत में वह रह रहे हैं। शनिवार रात को उनकी जान पहचान के 3 युवक उनके घर आए थे। वह भी आसपास के गांवों के खेतों में मजदूरी करते हैं। रात को वे वापस चले गए और परिवार सो गया। बच्ची के पिता ने बताया कि आधी रात को 3 बजे वह उठा तो देखा कि बच्ची अपने बिस्तर पर नहीं थी। इसके बाद उसने अपनी पत्नी को उठाया और खेत मालिक को भी सूचित किया। सभी ने बच्ची की तलाश शुरू कर दी। बच्ची कुछ ही दूरी पर जाखल रोड पर लहूलुहान हालत में मिली। बच्ची ने बताया कि युवकों ने उसके साथ गंदी हरकत की। इसके बाद परिजन अल सुबह करीब 4-5 बजे बच्ची को एंबुलेंस से टोहाना नागरिक अस्पताल ले आए, जहां पुलिस को भी सूचित किया गया। खेत मालकिन ने बताया कि आरोपी इन्हीं की तरह खेतों में काम करते हैं। एक बार तो आरोपी चले गए थे। जब परिवार के लोग सो गए तो पीछे से ही वह बच्ची को उठाकर ले गए। आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। एसएचओ देवीलाल ने बताया कि पीड़ित पक्ष खेतों में धान लगाने के लिए काम करते हैं।

बंगाल में महिला को सड़क पर पीटा, लात मारी: भाजपा बोली

मारने वाला टीएमसी विधायक का करीबी, राज्य में शरिया अदालतें चल रहीं

■ संजीवनी टुडे

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में चार दिन में दूसरी बार महिला से मारपीट और बदसलूकी की घटना सामने आई है। रविवार (30 जून) को उत्तरी दिनाजपुर जिले के चोपड़ा इलाके का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया, जिसमें एक व्यक्ति दो लोगों- एक महिला और एक पुरुष को सड़क पर छड़ी से पीटते हुए नजर आ रहा है। व्यक्ति महिला को कई बार मारता है। वह दर्द से चिल्लाती है, लेकिन व्यक्ति मारना नहीं छोड़ता। इसके बाद वह व्यक्ति महिला के पास बैठे पुरुष की ओर मुड़ता है और उसे मारना शुरू कर देता है। इस दौरान भीड़ तमाशा देखती रहती है। कोई भी महिला और पुरुष को बचाने आगे नहीं आता। वीडियो में एक जगह वह व्यक्ति महिला के बाल पकड़कर उसे लात मारता है। इस वीडियो को लेकर विपक्ष राज्य की ममता सरकार पर हमलावर है। भाजपा और सीपीआई के नेताओं ने इस वीडियो को लेकर दावा किया है कि पिटाई करने वाला शख्स तृणमूल कांग्रेस का नेता ताजेमुल हैं, जो स्थानीय विवादों पर 'तुरंत न्याय' देने के लिए जाना जाता है।

मारपीट की वजह साफ नहीं, केस दर्ज

इस घटना को लेकर स्थानीय पुलिस ने कहा है कि उन्होंने पिटाई करने वाले व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है और आरोपी की तलाश की जा रही है। आरोपी ने महिला-पुरुष के साथ मारपीट कब और क्यों की, इसके बारे में जानकारी नहीं है। वहीं, तृणमूल सरकार ने इस वीडियो और विपक्षी नेताओं की तरफ से लगे आरोपों को लेकर प्रतिक्रिया नहीं दी है। इसके पहले 27 जून को भाजपा ने ट्वख्रए पर आरोप लगाया था कि कूच बिहार जिले में पार्टी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की महिला पदाधिकारी रोशोनारा खातून को घर से खींचकर सड़क पर घसीटा गया और निर्वस्त्र कर पीटा गया। ट्वख्रए के गुंडों ने गोखसदांगा में उनकी पिटाई की और सार्वजनिक रूप से उनके कपड़े फाड़ दिए। भाजपा आईटी सेल हेड और बंगाल के सह-प्रभारी अमित मालवीय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'वीडियो में जो व्यक्ति महिला को बेरहमी से पीट रहा है, वह ताजेमुल है। वह अपनी 'इंसाफ सभा' के जरिए 'तुरंत न्याय' देने के लिए जाना जाता है।

प्रधानमंत्री ने दिया देश के किसानों को सम्मान एवं संबल, प्रदेश के अन्नदाता को बनाएंगे समृद्धः मुख्यमंत्री

संजीवनी टुडे

मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का शुभारम्भ

टोंक। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि देश के लिए अन्न उपजाने वाले किसान भाइयों को सशक्त बनाना हमारी डबल इंजन सरकार की प्राथमिकता है। राज्य सरकार द्वारा किसान कल्याण की दिशा में कई कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि किसान की समृद्धि से ही विकसित एवं खुशहाल राजस्थान का सपना साकार होगा। हमारी सरकार संकल्प पत्र के सभी वादों को पूरा कर रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा रविवार को टोंक की कृषि उपज मंडी में 'मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना' के राज्यस्तरीय शुभारम्भ समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत प्रदेश के किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 6 हजार रुपये की राशि के साथ ही, 2 हजार रुपये अतिरिक्त दिए जाएंगे। इसी क्रम में आज राज्य सरकार की ओर से एक हजार रुपये की पहली किस्त के तौर पर 65 लाख से अधिक किसानों के खातों में 653 करोड़ रुपये सीधे जमा किए गए हैं। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि किसान भाइयों को सम्मान और संबल देने की प्रेरणा हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिली है। उन्होंने प्रधानमंत्री पद की तीसरी बार शपथ लेते ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी की। इस योजना के माध्यम से हर वर्ष किसानों के खातों में 6 हजार रुपये जमा करवाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं भी किसान का बेटा हूं। उनकी परेशानियों से मैं भली-भांति अवगत हूं। इसलिए हमारी सरकार किसान हितों की रक्षा में सदैव तत्पर रहती है। उन्होंने कहा कि राज्य में गेहूं के 2275 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य के ऊपर 125 रुपये का बोनस प्रदान कर 2400 रुपये प्रति क्विंटल पर गेहूं खरीद की गई है। प्रदेश में 10 हजार सौर ऊर्जा संयंत्रों, 41 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में ड्रिप और मिनी स्प्रिंकलर तथा 44 हजार हैक्टेयर क्षेत्रफल में स्प्रिंकलर संयंत्रों की स्थापना की गई है। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि राज्य के 47 हजार किसानों को कृषि कनेक्शन जारी किए गए हैं। किसानों को बिजली के बिलों में 8 हजार करोड़ रुपये से अधिक का अनुदान दिया गया है। किसानों को पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराने तथा प्रदेश को बिजली सरप्लस राज्य बनाने के लिए 2.24 लाख करोड़ के एमओयू किए गए हैं। प्रदेश के 80 हजार से अधिक किसानों को 350 करोड़ रूपये का अल्पकालीन फसली ऋण मिला है तथा 21 कस्टम हायरिंग केन्द्रों की स्थापना की जा रही है। केन्द्रीय योजनाओं से प्रदेश के किसान हो रहे लाभान्वित मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसान कल्याण के लिए अनेक योजनाएं शुरू की हैं, जिनका लाभ प्रदेश के किसानों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत लगभग 1 हजार 400 करोड़ रुपये के बीमा क्लेम का वितरण किया गया तथा 9 हजार पीएम किसान समृद्धि केंद्र स्थापित किए गए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा सहकारी क्षेत्र में विश्व की सबसे बड़ी विकेन्द्रीकृत अनाज भंडारण योजना चलाई जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध करवाकर खेती-किसानी को मजबूत बनाने का राज्य सरकार का संकल्प है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 21 जिलों में पानी की समस्या दूर करने के लिए ईआरसीपी को संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना में शामिल कर भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश के साथ एमओयू हुआ है। मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान-2.0 के तहत आगामी 4 वर्षों में 5 लाख जल संग्रहण ढांचे बनाए जाएंगे तथा 20 हजार फार्म पौण्ड स्थापित कर वर्षा का जल संग्रहित किया जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने समारोह में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न जिलों के लाभार्थी किसानों से संवाद किया। डूंगरपुर के किसान शंकर लाल ने कहा कि पहले पीएम किसान सम्मान निधि के तहत 6 हजार रुपये मिलते थे। अब मुख्यमंत्री किसान सम्मन निधि के रूप में 8 हजार रुपये मिलेंगे। बढ़ी हुई राशि की पहली किस्त मिलने से बहुत खुशी हो रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री को सामाजिक पेंशन योजना के तहत प्रतिमाह 1150 रुपये की आर्थिक सहायता के लिए भी धन्यवाद दिया। नागौर के किसान कंवरा राम गोदारा ने कहा कि किसानों के हित में ऐतिहासिक फैसला लेकर मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की सौगात दी है, जिसके लिए उनका बहुत-बहुत धन्यवाद। बारां निवासी किसान नन्द लाल ने कहा कि मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि की किस्त मिलने से उन्हें आर्थिक मदद मिली है। साथ ही, उन्हें व उनकी पत्नी को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का लाभ भी मिल रहा है। मुख्यमंत्री की ओर से मिल रही इस मदद व जनहित के फैसलों के लिए बहुत धन्यवाद। भरतपुर के किसान राकेश शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि में बढोतरी से उन्हें बहुत खुशी हो रही है। उन्होंने कहा कि शनिवार को क्षेत्र में बरसात हुई थी और आज रविवार को इस योजना का लाभ मिलने से बीज खरीदकर फसल उपजाएंगे। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि चीनी और गुड़ पर मंडी शुल्क को समाप्त कर दिया गया है। केंद्रीय सहकारी बैंकों के माध्यम से किसानों को 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक का ब्याजमुक्त फसली ऋण उपलब्ध करवाया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में 100 नई पैक्स का गठन किया गया है। पशुपालकों के लिए त्वरित पशु चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु मोबाइल वेटेनरी सेवा प्रारंभ की गई है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने राज सहकार व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना के तहत पात्र महिलाओं को 10-10 लाख रुपये की सहायता राशि के चेक सौंपे। इस दौरान उन्होंने कृषि उपज मंडी प्रांगण में पीपल लगाकर वृक्षारोपण किया।

खबरें फटाफट

पिलाई पोलियों की खुराक

संजीवनी टुडे

राजगढ़। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बड़ला में स्थित आंगनवाड़ी केंद्र पर 5 साल तक के बच्चों को आशा सहयोगनी अनिता मीना और दिनेश कुमार सैनी के द्वारा पल्स पोलियो की दवा पिलाई गई। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बड़ला के शिक्षक के द्वारा लगातार राष्ट्रीय कार्यक्रम में योगदान दिया जा रहा। दिनेश कुमार सैनी के द्वारा बड़ला गांव के प्रत्येक घर पर जाकर बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाने के लिए बोला गया। सुबह से ही गांव के बच्चों को लगातार उनके माता पिता के द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र पर लाकर पल्स पोलियो की दवा पिलाई गई। शिक्षक के द्वारा उनके बड़े बहन भाइयों से भी अपने 5 साल तक के बहन भाइयों को पल्स पोलियो की दवा पिलाने के लिए प्रेरित किया गया। शिक्षक दिनेश कुमार के द्वारा लगातार पल्स पोलियो हो या वृक्षारोपण सभी के लिए लोगो को मोटिवेट किया जा रहा है।

प्लस पोलियो के तहत मासूमों को पिलाई पोलियो की खुराक

संजीवनी टुडे

भीनमाल। प्लस पोलियो अभियान के तहत 0 से 5 साल तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। जिसके तहत चिकित्सा विभाग द्वारा शनिवार को जिलेभर में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान जागरूकता रैली निकाली गई।जसवंतपुरा उपखण्ड के उप स्वास्थ्य केंद्र कारलू में एएनएम कमलादेवी ने बताया की कारलू गांव में आमजन को पल्स पोलियो अभियान में 0 से 5 साल तक के बच्चों को पोलियो खुराक पिलाई गई एंव प्लस पोलियो के बारे में जागरूक किया गया।चिकित्सा विभाग की ओर से पल्स पोलियो अभियान रविवार 30 जून को शुरू किया गया। इसके तहत 5 साल तक के बच्चों को पहले दिन बूथों पर और इसके बाद शेष बचे बच्चों को दो दिन तक घर-घर जाकर पोलियो वैक्सीन की खुराक पिलाई जायेगी।

नेता प्रतिपक्ष जूली ने पांडूपोल व भतृहरि की पूजा कर मांगी जनता की खुशहाली की कामना

संजीवनी टुडे

अलवर। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने अलवर से जयपुर यात्रा के दौरान परिवार सहित महाराजा भर्तृहरि एवं पांडूपोल में हनुमान जी की विशेष पूजा अर्चना कर देश व प्रदेश की जनता की खुशहाली की कामना की। जूली ने बताया कि विधानसभा सत्र से पूर्व देव दर्शन कर हनुमान जी ने जहां भीम का घमंड तोड़ा था वही आज पूजा कर केंद्र की मोदी सरकार के अहंकार को समाप्त करने की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि वैसे तो इस बार देश की जनता ने केंद्र की मोदी सरकार की तानाशाही के खिलाफ जनादेश देकर उनके चेहरों की हवाईया उड़ा दी है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती गहलोत सरकार ने विश्व प्रसिद्ध पांडूपोल मंदिर में निशुल्क प्रवेश की बजट में घोषणा की थी प्रदेश सरकार के मुखिया को इस पर अमल करते हुए श्रद्धालुओं के पक्ष में इस घोषणा को अविलंब रूप से स्वीकृत करना चाहिए। पूजा के दौरान पुजारी ने नेता प्रतिपक्ष जूली की कलाई पर डोरा बांधकर उन्हें प्रसादस्वरूप दुपट्टा उढाकर स्वागत किया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि पेमाराम सैनी,कल्लूराम पुजारी, लेखराज सैनी, रामप्रताप मीना, पूरन मल मीना, शंकर लाल सैनी, पांडूपोल महंत चेतन शर्मा ,महंत बाबूलाल शर्मा और ग्रामीण उपस्थित रहे।

जिले की मांग को लेकर मुख्यमंत्री से मिली समन्वय समिति

संजीवनी टुडे

भीनमाल। भीनमाल को नवीन जिले की मांग को लेकर जिला समन्वय समिति ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से जयपुर में मुलाकात करते हुए ज्ञापन सौपा। पूर्व विधायक पुराराम चौधरी ने बताया की बागोड़ा उपखंड क्षेत्र को सांचौर जिले से हटाकर पुनः जालोर जिले में सम्मिलित करते हुए एंव भीनमाल को नवीन जिला बनाने की मांग रखी।मुख्यमंत्री शर्मा ने प्रतिनिधि मंडल की बात को गंभीरता पूर्वक सुना एवं आश्वस्त किया कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने आप लोगों के साथ जो अन्याय किया है।उससे सरकार जल्दी ही मुक्ति दिलायेगी।सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा की सरकार गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए जनता के हितार्थ जो भी बेहतरीन हो सकता है ऐसा न्यायसंगत निर्णय करेगी। क्षेत्र के जनता की आशा एवं अपेक्षाओं पर सरकार सकारात्मक एवं गंभीरतापूर्वक विचार करेगी।पूर्व विधायक पुराराम चौधरी ने सीएम भजनलाल शर्मा को बताया की भीनमाल को जिला बनाने की मांग 1992 से चल रही है एंव विधानसभा में भी यह प्रस्ताव रहा था पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भीनमाल को जिला ना बनाकर सांचोर को बनाया था इसको लेकर भीनमाल, रानीवाडा,बागोड़ा में कई दिनों तक लोगो ने धरना भी दिया था।इस दौरान भाजपा नेता रमेश राजपुरोहित, वरदसिंह पांथेडी, पीराराम गोरसिया, महादेवाराम घांची सहित कई लोग उपस्थित रहे।

राजगढ़ः राष्ट्रीय जन सेवा टीम के संयोजन से चल रहा है जल सेवा का किया समापन

संजीवनी टुडे

राजगढ़। रविवार को राजगढ़ रेलवे स्टेशन पर निशुल्क यात्रियों को जल सेवा का समापन किया गया। राष्ट्रीय जन सेवा टीम के संरक्षक एसडीएम नरेंद्र कुमार मीणा ने बताया कि जल सेवा का कार्य 23 मई 2024 बुद्ध पूर्णिमा से शुरू किया गया जिसका समापन 30 जून 2024 रविवार को किया गया एवं उपस्थित सभी सदस्यों को एक पेड़ भेट किया गया। इस अवसर पर आए हुए अतिथि एवं टीम सदस्यों का माला पहरा कर स्वागत भी किया गया एवं टीम की अगली सेवा के ऊपर विचार किए गए। इस अवसर पर महिला शक्तियों एवं राष्ट्रीय जन सेवा टीम के सदस्य एवं सर्व समाज नवयुवक हेल्प टीम के सदस्य उपस्थित रहे। टीम के वरिष्ठ सदस्य रामसिंह बड़ला ने मीडिया को बताया कि राष्ट्रीय जन सेवा टीम द्वारा यह कार्य किया गया जो बहुत ही सराहनीय और

क्षेत्र में लोकप्रिय रहा इससे न केवल राजगढ़ क्षेत्र में बल्की पूरे प्रदेश में राजगढ़ में ठंडा पानी की चर्चाएं जोरों पर रही, पिछले समय में राजगढ़ विधायक ने भी रेलवे स्टेशन पर टीम के साथ जल सेवा में अपना योगदान दिया रेलवे स्टेशन पर प्रतिदिन लगभग 9000 लीटर पानी प्रतिदिन लगभग 12000 लोगों को पिलाकर प्यास बुझाई जा रही थी राष्ट्रीय जन सेवा टीम के इस सराहनीय कार्य की पूरे क्षेत्र में प्रशंसा हो रही है एवं राष्ट्रीय जन सेवा टीम आज शीतल जल सेवा के समापन की शुरुआत सबसे पहले भौरंगी गौशाला पहुंचकर दो पेटी गुड गायों को खिलाया उसके पश्चात नंदी धाम गौशाला में एक पेटी गुड खिलाया इसके पश्चात जनाना अस्पताल और सामान्य चिकित्सालय में महिलाओं एवं सभी रोगियों को केला एवं चीकू का वितरण किया तत्पश्चात राजगढ़ रेलवे स्टेशन पर समापन कार्यक्रम आयोजित किया।कार्यक्रम के अवसर वरिष्ठ सदस्य नरेंद्र कुमार मीणा एडीएम लालसोट एवं उनकी धर्मपत्नी सीमा सेहरा , रामसिंह धर्म पत्नी फूली बड़ला, राजगढ़ थाना एसएचओ रामजीलाल ,हजारीलाल गुरु जी अनावडा, हंसराज व अमीचंद कंदोली, धर्म सिंह इंदपुरा डीपी ,रामसिंह टहटडा, हीरा लाल अर्चना इंदपुरा, योगेश इंदपुरा, गुलज़ारी लाल कैलाशी इंदपुरा, विशंभर योगी भेज़ेडा, दिनेश योगी, दिनेश सैनी गुरुजी ,संतोष कुंडारिया, सौरभ गोपालिया, विक्रम सरोज लैब ,हरिकिशन कंकरवाल ,राजेंद्र कंकरवाल नीमला, प्रभुदयाल पुनखर, मांगेलाल पुनखर, रामस्वरूप भैडोडी, योगेश वशिष्ठ गुरुजी, पानी वाली अंटी उगनती देवी पति अमर सिंह गुरुजी निवासी झालटाला ,यादराम ढिगावड़ा, राकेश गुप्ता, धर्मसिंह राजगढ़, सुरेंद्र सेक्रेटरी सुरेश , विश्राम सेन, सुरेशकुमार डीपी काकरोड़ीकाबास, तरेश दुब्बी आदि वह सर्व समाज नवयुवक हेल्प टीम के सदस्य मिट्ठन खोड़ा, गंणधारी थानेदार डाबला, राकेश दुब्बी ,हरिराम फौजी कालेड ,सरोज सरपंच पाटन ,मुकेश करनावर, सुखदेवा मास्टर करनावर आदि गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

पुलिस थाना पचेवर द्वारा ब्लाईण्ड मर्डर का 08 घण्टे में खुलासा व हत्यारा गिरफ्तार

संजीवनी टुडे

मालपुरा (टोंक)। पचेवर थाना पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए महज 8 घण्टे में ब्लाइंड मर्डर का खुलासा कर हत्यारे को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। रविवार को ग्राम पारली निवासी बजरंग नायक का शव खून से लथपथ श्मशान भूमि रोड़ पर पड़ा हुआ मिला था। थानाधिकारी पचेवर राजेन्द्र ताड़ा ने प्रेस नोट जारी कर बताया कि पुलिस अधीक्षक संजीव नैन जिला टोंक के आदेशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार कस्वां मालपुरा एवं पुलिस उपाधीक्षक महेन्द्र कुमार मीणा के सुपरविजन एवं थानाधिकारी राजेन्द्र ताड़ा द्वारा दिनांक 30.06.2024 को ग्राम पारली में हुऐ ब्लाईण्ड मर्डर के प्रकरण का 8 घंटे में खुलासा कर हत्यारे को गिरफ्तार किया गया है। एमआईयू टीम मालपुरा व एफएसएल टीम टोंक को मौके पर बुलाया जाकर साक्ष्य एकत्रित किये गये

व घटना के सम्बध में एकत्रित करने के लिए मौके से ही टीम का गठन किया जाकर रवाना किया गया। बाद शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को अंतिम दाह संस्कार हेतु सुपुर्द किया गया। पुलिस द्वारा गठित टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों, शराबियों, नशेड़ियों की गतिविधियों व पेचकश जैसे औजार से काम करने वाले व्यक्तियों के बारे में जानकारी की गई। जिस पर उक्त व्यक्ति से सम्पर्क कर घटना के सम्बध में जानकारी की गई व उपस्थित टीम द्वारा वैज्ञानिक तरीके से उक्त संदिग्ध व्यक्ति से पूछताछ की तो राकेश पुत्र नन्दकिशोर जाति रेगर निवासी पारली ने अपना गुनाह कबूल कर बताया कि कल दिनाक 29.06.2024 की शाम को मैं व मृतक बजरंग लाल नायक एक साथ श्मशान मार्ग तन पारली में शराब पी रहे थे शराब पीते पीते आपस में तु तडाका व गाली गलोच हो गई। जिस पर मैंने गुस्से में आकर बजरंग नायक के लाईट फिटीग के काम में आने वाले औजारों से उसके सिर में ताबडतोड वार कर उसकी हत्या दी। तत्पश्चात वहां से अपनी मोटर साईकिल लेकर मौके से दुदु की तरफ चला गया एवं वापस आकर रात्रि में घर पर सो गया। सुबह किसी को शक नहीं हो इस कारण रोजमर्रा का काम करने मण्डावरी गांव चला गया। प्रकरण में आरोपी आरोपी राकेश पुत्र नन्दकिशोर रेगर उम्र 30 साल निवासी पारली थाना पचेवर जिला टोक को गिरफतार किया जाकर अनुसधान जारी है।

बजरंग दल द्वारा सेवा सप्ताह के तहत चिकित्सा केम्प आयोजित किया गया

संजीवनी टुडे

पिण्डवाडा/सिरोही। विश्व हिन्दु परिषद के तत्वाधान में देश भर में 24 जुन से 30 जून तक चलाए जा रहेम सेवा सरोकार कार्यक्रम के तहत शहर के आमलीरोड स्थित मामाजी थान के पीछे नाथ बस्ती में स्थित प्राथमिक विद्यालय परिसर में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। जानकारी के अनुसार विहिप एवं बजरंग दल पिण्डवाडा प्रखण्ड द्वारा प्रायोजित शनिवार को आमलीरोड पर मामाजी का थान मंदिर के समीप नाथ बस्ती में सेवा में स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए चिकित्सा केम्प आयोजित किया गया। उक्त केम्प में चिकित्सको द्वारा 140 लोगो के स्वास्थ्य जॉच-परीक्षण एवं जरूरतमंद लोगो को उचित दवाईया भी वितरण की गई। वही चिकित्सको द्वारा मौसम के बदलाव के कारण होने वाली बीमारियों से खुद को एवं बच्चों को कैसे सुरक्षित किया जा सकता है। साथ ही साथ बारिश के समय मेंआस-पास पानी भरने से मच्छर एवं अन्य बारिश में कीड़े जमा हो जाते हैं, जो की हानिकारक हो सकते है। उनसे बचाव हेतू प्रयासों की जानकारी देकर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर विहिप के जिला समरसता प्रमुख राधेश्याम गर्ग, विहिप प्रखंड अध्यक्ष भवानी सिंह,मंत्री अशोक रावल,बजरंग दल प्रखंड संयोजक महेश राजगुरु,राकेश वैष्णव,कैलाश,रणजीत सिंह, छगन गेहलोत,दुर्गेश,अभिषेक प्रजापत,जितेंद्र प्रजापत व दिनेश प्रजापत सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

शिक्षा विभाग के नियम कायदे धरे ताक में, निजी स्कूल संचालक कर रहे हैं मनमानी

संजीवनी टुडे

मालपुरा (टोंक)। विद्यार्थियों को अच्छी गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान कर छात्रों का भविष्य बनाने वाले निजी विद्यालय आजकल विद्यालय न होकर व्यापारिक प्रतिष्ठान बन गए हैं। जहां निजी विद्यालय संचालकों के द्वारा एक ही परिसर में अनेकों व्यापारिक कार्य करते हुए लाभ अर्जित किए जा रहे हैं। शिक्षा विभाग को सब कुछ पता होने के बावजूद विभाग आंखें मूंद कर कर बैठा है। शहर में एक नहीं बल्कि अनेकों स्कूल ऐसे है जो एक ही परिसर में अलग-अलग तरह की गतिविधियां संचालित कर रहे हैं।एक निजी स्कूल ऐसा भी हैं जिसकी दसवीं तक अंग्रेजी मीडियम की मान्यता होने के बावजूद हिंदी मीडियम की आड़ में 12वीं तक की इंग्लिश मीडियम कक्षाएं चला रहे हैं। वही एक स्कूल ने तो सारी हदें पार कर दी है, 12वीं तक की स्कूल में महाविद्यालय भी संचालित किया जा रहा है। दूसरी ओर कई स्कूल एक ही परिसर में शिक्षण संस्थान के अलावा व्यापारिक गतिविधियां शुरू कर नियम कायदों की खुल्ले आम धज्जियां उड़ा रहे हैं। कई निजी विद्यालयों में हॉस्टल परिसर की अनुमति नहीं होने के बावजूद भी धड़ल्ले से आवासीय विद्यालय संचालित किया जा रहे हैं। वहीं शिक्षा विभाग इन गतिविधियों को देखकर भी अनदेखा कर रहा है। निजी विद्यालयों की मनमानी और दादागिरी एवं शिक्षा विभाग की निष्क्रियता को लेकर कई सवाल खड़े होते हैं। कई विद्यालय ऐसे भी है जो आवासीय कॉलोनियों में संचालित होने के कारण उनके पास खेलकूद गतिविधियों के लिए मैदान भी नहीं है। मैदान नहीं होने के कारण खिलाड़ी विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा को निखारने से मजबूरन वंचित होना पड़ रहा है।

मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना' का हुआ शुभारम्भः मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 65 लाख से अधिक किसानों के खातों में 653 करोड से अधिक की राशि की प्रथम किस्त की हस्तांतरित

संजीवनी टुडे

अलवर जिले के 2 लाख 54 हजार 694 किसानों के खातों में प्रथम किस्त की 25 करोड 46 लाख 94 हजार रूपये की राशि हस्तांतरित

अलवर। अलवर के प्रताप ऑडिटोरियम में रविवार को जिला स्तरीय किसान सम्मान निधि की प्रथम किस्त का हस्तान्तरण एवं लाभार्थी संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम से वर्चुअली 'मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना' का शुभारम्भ कर प्रदेश के 65 लाख से अधिक किसानों के खातों में 653 करोड़ से अधिक रूपये अधिक की राशि एवं अलवर जिले (अविभाजित) के 2 लाख 54 हजार 694 किसानों के खातों में प्रथम किस्त की 25 करोड 46 लाख 94 हजार रूपये की राशि का हस्तान्तरण डीबीटी के माध्यम से बटन दबाकर किया एवं लाभार्थियों से संवाद' किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए फार्म पौण्ड निर्माण हेतु लॉटरी के माध्यम से किसानों का चयन किया गया। मुख्यमंत्री शर्मा ने लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के किसानों के उन्नयन एवं विकास हेतु पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा देश के

किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतु पीएम किसान सम्मान योजना संचालित है जिसके तहत किसानों को वार्षिक 6 हजार रूपये की राशि उनके खातों में सीधे ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा की जाती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अन्नदाता किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त करने व संबल प्रदान प्रदान करने हेतु पीएम किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत किसानों को देय वित्तीय सहायता को प्रति परिवार 6 हजार रूपये से बढाकर 8 हजार रूपये वार्षिक करने हेतु मुख्यमंत्री किसान सम्मान योजना शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य की डबल इंजन की सरकार की पहली प्राथमिकता प्रदेश के किसानों के सर्वांगीण विकास है। उन्होंने कहा कि कृषि देश की अर्थव्यवस्था की रीढ मानी जाती है जिसको अधिक उन्नत बनाने के लिए किसानों को आधुनिक व तकनीकी कृषि की जानकारी कराने का काम किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों की मांग को सर्वोपरि रखते हुए राज्य सरकार द्वारा पूर्वी राजस्थान के लिए ईआरसीपी योजना व शेखावटी क्षेत्रा के लिए यमुना का पानी लाने की बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा किया है जिसे शीघ्र ही अमलीजामा पहनाया जाएगा। इससे आमजन को पेयजल आपूर्ति के साथ-साथ बडी संख्या में किसानों को लाभ पहुंचेगा।

चार महिला सहकारी समिति को मिला अनुदान

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शर्मा ने अलवर जिले की चार महिला बहुउद्देशीय ग्राम सहकारी समिति थाना राजाजी, किशोरी, चांदपुरी व रसूलपुर को राज्य सरकार द्वारा तीन-तीन लाख रूपये हिस्सा राशि का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि इस राशि के उपयोग से महिला सहकारी समिति को संबल मिलेगा जिससे इनके द्वारा बनाए जाने वाले उत्पादों में वृद्धि हो सकेगी।

प्रदेश के किसान लाभार्थियों से किया संवाद

राज्य स्तरीय कार्यक्रम से जुडकर मुख्यमंत्री शर्मा ने प्रदेश के किसानों से संवाद किया। संवाद के दौरान प्रदेश के किसानों ने राज्य सरकार के द्वारा दिए गए 350 करोड रूपये का ब्याज मुक्त फसली ऋण एवं मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत दो हजार रूपये राशि की वृद्धि करने पर आभार जताया। उन्होंने कहा कि इस राशि के बढाए जाने से बीज खरीदने व अन्य कृषि संबंधित कार्यों में सहूलियत होगी।

प्रदेश के 21 कस्टम हायरिंग केन्द्रों को मिला अनुदान

कार्यक्रम में राज्य के किसानों को कृषि यंत्र उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश की 21 सहकारी समितियों को कस्टम हायरिंग केन्द्रों की स्थापना हेतु 8 लाख रूपये प्रति समिति को अनुदान दिया गया। उन्होंने कहा कि किसान अपने क्षेत्र के नजदीक कस्टम हायरिंग केन्द्र के माध्यम से किसान कृषि यंत्र उचित दाम पर प्राप्त कर सकेंगे। केंद्रीय सहकारी बैंक के प्रबंध निदेशक देवीदास बैरवा ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा किसान उत्थान की दिशा में ''मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना'' के अन्तर्गत राज्य के पात्र किसानों को प्रति वर्ष दो हजार रुपए की राशि तीन किस्तों में दिए जाने की घोषणा की गई है जिसके तहत 'मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना' की प्रथम किस्त एक-एक हजार रुपए की राशि का हस्तांतरण मुख्यमंत्री द्वारा पात्र किसानों के बैंक खातों में किया गया। शेष राशि 500-500 रुपए की दो किस्तों में किसानों को दी जाएगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में जिले के 2 लाख 54 हजार 694 किसानों के खातों में प्रथम किस्त की 25 करोड 46 लाख 94 हजार रूपये की राशि का हस्तांतरण किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन शिक्षाविद प्रेम शर्मा ने किया। इस दौरान जिला कलक्टर आशीष गुप्ता नगर निगम महापौर घनश्याम गुर्जर, जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, रामगढ़ प्रधान नसरू खा, बन्ना राम मीणा, अभिराम दीक्षित, उपखंड अधिकारी अलवर जुईकर प्रतीक चन्द्रशेखर, सहायक कलक्टर सुश्री नवज्योति कांवरिया, सांख्यिकी विभाग के अधिकारी सुरेंद्र शर्मा,कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक पी.सी मीणा, उप रजिस्टार सहकारी समिति अलवर गुलाबचंद मीणा, सहित प्रबुद्ध व्यक्ति, संबंधित अधिकारी एवं लाभार्थी किसान मौजूद रहे।

खबरें फटाफट

पल्स पोलियो की अभियान की शुरुआत

संजीवनी टुडे

सलूम्बर। जिला चिकित्सलाय परिसर में जिला कलक्टर व विधायक ने पल्स पोलियो की पहली खुराक पिलाकर अभियान की शुरुआत की सलूंबर 30 जून। जिला कलक्टर जसमीत संधू व विधायक अमृत लाल मीणा ने पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को जिला चिकित्सलाय में 0 से 5 वर्ष के बच्चो को प्लस पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान को शुरू किया । इस दौरान जिला कलक्टर ने जिला चिकित्सलाय परिसर का निरक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अभियान के दौरान जिले में 98194 बच्चों को दवा पिलाई जायेगी । 30 जून को प्रथम दिवस बूथ पर तथा 1 व 2जुलाई को घर घर जाकर दवा पिलाई जाएगी । इस दौरान सीएमएचओ डॉ जगदीश प्रसाद बुनकर ,डॉ राजेश दोषी,डा. सिन्दु कुमावत ,डा. महेन्द्र लोहार सहित मेडिकल स्टाफ मौजूद था।

डोडा चूरा तस्करी मामले में 3 साल से फरार वांछित आरोपी गिरफ्तार

संजीवनी टुडे

चित्तौड़गढ़। नारकोटिक्स विभाग नीमच के द्वारा जब्त किए गए 444 किलो डोडा चूरा के मामले में 3 साल से फरार चल रहे कनेरा थाने के बांगेड़ा घाटा निवासी एक आरोपी को जिला पुलिस ने

गिरफ्तार किया है। कार चोरी की बरामदगी पर संदिग्धों को डिटेन कर पूछताछ में हुआ खुलासा। पुलिस अधीक्षक श्री सुधीर जोशी ने बताया कि गत दिनों शहर से एक कार चोरी होने के मामले में पुलिस व साइबर सेल कार बरामद कर गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रही थी। इसी दौरान गिरफ्तार आरोपियों ने चोरी की गई कार को कनेरा थाने के बांगेड़ा घाटा की तरफ बेचने जाना बताया। जिस पर साइबर सेल व पुलिस टीम ने वाहन चोरी में संदिग्ध की तलाश के दौरान दो संदिग्ध व्यक्तियों कनेरा थाने के बांगेड़ा घाटा निवासी राजू धाकड़ व समर्थ पिता सत्यनारायण धाकड़ को डिटेन कर पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान समर्थ पिता सत्यनारायण धाकड़ ने नारकोटिक्स ब्यूरो नीमच द्वारा वर्ष 2021 में 444.270 किलोग्राम अवैध डोडाचूरा जब्त किया था। जिसमें वह वांछित था और नारकोटिक्स विभाग से बचने के लिए गांव छोड़कर फरार चल रहा था। पुलिस ने आरोपी कनेरा थाने के बांगेड़ा घाटा निवासी समर्थ पुत्र सत्यनारायण धाकड़ को डिटेन कर नारकोटिक्स विभाग नीमच को सूचना दी। जिस पर सीबीएन नीमच का जाप्ता समर्थ को कोतवाली चित्तौड़गढ़ से प्राप्त कर अपने साथ ले गए।

राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का हुआ आगाज

संजीवनी टुडे

करौली। राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का जिला स्तरीय शुभारंभ करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर द्वारा शहरी पीएचसी गणेश गेट पर किया गया, जहां पोलियो बूथ का रीबन काटकर अभियान की विधिवत शुरुआत की और बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई। कार्यक्रम में डिप्टी सीएमएचओ स्वास्थ्य डॉ. ओपी मीणा, आरसीएचचो डॉ.राजेश कुमार, पीएमओ डॉ. रामकेश मीणा, यूपीएचसी प्रभारी डॉ. प्रेमराज, डीपीसी-आईईसी लखन सिंह लोधा, पीएचएम स्नेहलता, यूनिसेफ से गौरव शर्मा और गौरव गुप्ता सहित संस्था स्टाफ मौजूद रहे। सीएमएचओ डॉ दिनेश चंद मीना ने बताया कि भारत को पोलियो मुक्त रखने के लिए पुनीत अभियान की शुरुआत हुई है। इसके तहत 0 से 5 साल तक के बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाई गई। पहले दिन जिले में निर्धारित किए गए टीकाकरण बूथों तथा दूसरे व तीसरे दिन घर-घर दस्तक देकर 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि जिले में 0 से 5 वर्ष के लगभग 178922 बच्चों को 30 जून से लेकर 2 जुलाई के मध्य तीन दिन की अवधि में पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है पहले दिन जिले के 50 सेक्टर में कुल 850 बूथ व 675 फिक्स बूथ बनाए गए है, 14 ट्रांजिट टीम तथा 30 मोबाइल टीम भी बनाई गई।

डायरिया की रोकथाम के लिए चलेगा अभियान

संजीवनी टुडे

करौली। जिले में डायरिया की रोकथाम के लिए 1 जुलाई से 31 अगस्त तक अभियान चलाया जाएगा। इस संबंध में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार की ओर से विस्तृत गाइड लाइन जारी कर दी गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश चंद मीणा ने बताया कि इस बार की थीम श्डायरिया की रोकथाम, सफाई और ओआरएस से रखें अपना ध्यान्य रखी गई है। उन्होंने बताया कि अभियान 8 सप्ताह के लिए चलाया जाएगा।

भारतीय लैक्रोज़ टीम की प्रथम कप्तान बनी उदयपुर जिले की सुनीता मीणा, उदयपुर की ही जुला गुर्जर उप कप्तान

संजीवनी टुडे

उदयपुर । उज्बेकिस्तान में 1 से 5 जुलाई तक आयोजित होने वाली ओलम्पिक खेल लैक्रोज़ की एशियाई सीनियर महिला प्रतियोगिता में भाग लेने वाली भारतीय टीम के शारदा वर्ल्ड स्कुल आगरा में आयोजित प्रशिक्षण शिविर के पश्चात राजस्थान के उदयपुर जिले की निवासी सुनीता मीणा को कप्तान तथा उदयपुर की ही जुला गुर्जर उप कप्तान घोषित की गई हैं द्य भारतीय लैक्रोज़ टीम पहली बार किसी अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग ले रही है द्य प्रशिक्षक नीरज बत्रा के अनुसार राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय उदयपुर की छात्रा सुनीता मीणा के भारतीय लैक्रोज़ टीम की ऐतिहासिक प्रथम कप्तान एवं जुला के उपकप्तान बनने पर राजस्थान के खेल प्रेमियों में उत्साह का माहौल है द्य प्रथम राष्ट्रीय प्रतियोगिता एवं प्रशिक्षण शिविर में सुनीता व जुला ने अपने खेल से सभी को प्रभावित किया द्य दोनों

खिलाडियों को जनजाति मंत्री राजस्थान सरकार बाबूलाल खराड़ी, उदयपुर ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा, वल्लभनगर विधायक उदयलाल डांगी, उदयपुर संभाग आयुक्त राजेंद्र कुमार भट्ट,जनजाति आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी, उदयपुर कलेक्टर अरविंद कुमार पोसवाल, खेल अधिकारी प्रभारी डॉ चंद्रशेखर शर्मा, डॉ अक्षय शुक्ला, खेल अधिकारी अजित जैन,हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड के संभाग आयुक्त जनसंपर्क गोपाल मेहता मेनारिया ने बधाई प्रेषित की है।

वन एवं पर्यावरण मंत्री ने वृद्धजनों से पौधारोपण कराकर दिया पर्यावरण संरक्षण व वृद्धजन सम्मान का संदेश

संजीवनी टुडे

अलवर। वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने रविवार को सोनवा डूंगरी स्थित सार्वजनिक पार्क में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत नई पहल करते हुए क्षेत्रा के वरिष्ठ नागरिकों पौधरोपण कराकर पर्यावरण संरक्षण व वृद्धजनों के सम्मान का संदेश दिया। मंत्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर्यावरण संरक्षण हेतु 'एक पेड मां के नाम' अभियान संचालित किया है जिसके तहत प्रत्येक व्यक्ति को एक पेड अपनी मां की सेवा मानकर लगाना चाहिए तथा उसका संरक्षण कर पर्यावरण को संरक्षित करने में अपना अहम योगदान देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार पेड हमें जीवनदायनी वायुप्रदान करते हैं उसी प्रकार हमारा भी नैतिक दायित्व बनता है कि हम पेड लगाए और उसकी सार-संभाल करें। उन्होंने कहा कि पेड लगाना जितना पर्यावरण संरक्षण के लिए जरूरी है उतना ही मानव के बेहतर स्वास्थ्य के लिए भी आवश्यक है। उन्होंने आमजन से आह्वाहन किया कि जिले के प्रत्येक व्यक्ति न केवल मां के नाम का पेड लगाए बल्कि उसकी सार संभाल भी करें तथा अपने आसपास के व्यक्तियों को भी पेड लगाने हेतु प्रेरित करें। इस दौरान पं. जलेसिंह, राजेंद्र सैनी, सतीश यादव, अरुण जैन, सुरजीत, रवि जैन, सागर यादव, महेश मीणा सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

बच्चों ने समझी प्रेम की भाषा, स्नेह मिला तो खुश हुए

संजीवनी टुडे

मूक बधिर बच्चों को नेक कमाई फाउंडेशन ने बांटे उपहार

अलवर। नेक कमाई फाउंडेशन की ओर से प्रभा दिव्यांग विद्यालय में ऐसे बच्चों को उपहार वितरित किए जो बोल ओर सुन नहीं सकते थे, जब उन्हें स्नेह मिला तो उनके चेहरे पर खुशी देखने लायक थी। इस विद्यालय के नए शिक्षण सत्र के उद्घाटन अवसर पर नेक कमाई फाउंडेशन के संरक्षक दौलत राम हजरती, मंजू चौधरी अग्रवाल, मीना तनेजा, सुशील बंसल, सहायक कुल सचिव डा. आशुतोष शर्मा तथा समाजसेवी परमजीत सिंह गोगिया , कर्मचारी नेता राजेन्द्र पाल शर्मा, शिवानी शर्मा और सोनिका अरोड़ा ने बच्चों को उपहार वितरित किए। संचालन गुरप्रीत सिंह पवित्र ने किया। अतिथियों का स्वागत राजेश व्यास, प्रेम शंकर मिश्रा, शिल्पा सैनी, रजन शर्मा और टीना शर्मा ने किया। इन बालकों को डा. गोपाल रॉय चौधरी ट्रस्ट की ओर से शिक्षण सामग्री, खिलौने सहित उपहार दिए गए। कार्यक्रम में तारेश जोरवाल ने ऐसे बच्चों के उत्साहवर्धन की बात कही। मुखय कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने आभार जताया।

डोडा चूरा तस्करी मामले में 3 साल से फरार वांछित आरोपी गिरफ्तार

संजीवनी टुडे

चित्तौड़गढ़। नारकोटिक्स विभाग नीमच के द्वारा जब्त किए गए 444 किलो डोडा चूरा के मामले में 3 साल से फरार चल रहे कनेरा थाने के बांगेड़ा घाटा निवासी एक आरोपी को जिला पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कार चोरी की बरामदगी पर संदिग्धों को डिटेन कर पूछताछ में हुआ खुलासा। पुलिस अधीक्षक श्री सुधीर जोशी ने बताया कि गत दिनों शहर से एक कार चोरी होने के मामले में पुलिस व साइबर सेल कार बरामद कर गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रही थी। इसी दौरान गिरफ्तार आरोपियों ने चोरी की गई कार को कनेरा थाने के बांगेड़ा घाटा की तरफ बेचने जाना बताया। जिस पर साइबर सेल व पुलिस टीम ने वाहन चोरी में संदिग्ध की तलाश के दौरान दो संदिग्ध व्यक्तियों कनेरा थाने के बांगेड़ा घाटा निवासी राजू धाकड़ व समर्थ पिता सत्यनारायण धाकड़ को डिटेन कर पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान समर्थ पिता सत्यनारायण धाकड़ ने नारकोटिक्स ब्यूरो नीमच द्वारा वर्ष 2021 में 444.270 किलोग्राम अवैध डोडाचूरा जब्त किया था। जिसमें वह वांछित था और नारकोटिक्स विभाग से बचने के लिए गांव छोड़कर फरार चल रहा था। पुलिस ने आरोपी कनेरा थाने के बांगेड़ा घाटा निवासी समर्थ पुत्र सत्यनारायण धाकड़ को डिटेन कर नारकोटिक्स विभाग नीमच को सूचना दी।

जिला कलक्टर ने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर किया जिले राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारम्भ

संजीवनी टुडे

अलवर। जिला कलक्टर आशीष गुप्ता ने रविवार को राजकीय गीतानंद शिशु चिकित्सालय में बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया। जिला कलक्टर ने कहा कि राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाए जाने हेतु यह अभियान जिलेभर में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बच्चों को पोलियो की बीमारी से बचाने हेतु अभिभावक जागरूक रहकर अपने बच्चों को पोलियों की दवा अवश्य पिलाए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेन्द्र शर्मा ने बताया कि अभियान के तहत जिलेके आज बूथों पर 0-5 साल तक के बच्चों को पिलाई जाएगी

पोलियो की खुराक पिलाई गई। उन्होंने बताया कि जिले के 0 से 5 वर्ष तक के लक्षित 2,93,070 बच्चों को पोलियों की दवा पिलाई जाएगी। इसके लिए जिले में 1820 बूथ बनाए गए हैं तथा 44 मोबाइल टीम एवं 43 ट्रांजिट टीमों के माध्यम से मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि अभियान की सफलता हेतु शिक्षा विभाग, आयुर्वेद विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग आदि विभागों का सहयोग लिया गया है। इस दौरान पीएमओ डॉ. सुनील चौहान, जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मंजू शर्मा सहित संबंधित अधिकारी, चिकित्सक एवं कार्मिक मौजूद रहे।

ईनोवा कार से 228 किलोग्राम अवैध डोडाचुरा जब्त, एक आरोपी गिरफतार

संजीवनी टुडे

चित्तौड़गढ़। सदर चित्तौड़गढ़ थाना पुलिस ने शनिवार को हाइवे पर नाकाबंदी के दौरान एक ईनोवा कार से 228 किलोग्राम अवैध डोडाचुरा जब्त कर पंजाब निवासी एक आरोपी को गिरफतार किया हैं। पुलिस ने गाड़ी को स्टॉपस्टिक व बेरियर की मदद से रोका। जिला पुलिस अधीक्षक श्री सुधीर जोशी ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ की तस्करी की रोकथाम व धरपकड़ हेतू एएसपी चित्तौड़गढ़ परबत सिंह व वृत्ताधिकारी चित्तौड़गढ़ तेजकुमार पाठक के निर्देशन में थानाधिकारी सदर चित्तौडगढ गजेन्द्र सिंह पु.नि. के सुपरविजन में थाना सदर चित्तौडगढ से महेन्द्र सिंह उ.नि. के नैतृत्व में हैड कानि. सुरेन्द्र सिंह, कानि. बलवंत सिंह, हेमव्रत सिंह, भजन लाल, विनोद कुमार व मनोहर सिंह द्वारा शनिवार को हाईवे रोड पर नाकाबंदी की जा रही थी। इसी दौराने कोटा निमच की तरफ से आई ईनोवा कार के चालक को रोकने का ईशारा किया तो चालक द्वारा ईनोवा कार को नहीं रोका। जिस पर ईनोवा कार को स्टोपस्टीक एवं बैरीयर लगाकर रोका।

चालक की गतिविधी संदिग्ध होने से ईनोवा कार की तलाशी ली तो ईनोवा कार के अन्दर प्लास्टिक के 15 कट्टो में कुल 02 क्विण्टल 28 किलो ग्राम अवैध अफीम डोड़ाचुरा जब्त कर ईनोवा कार के चालक पंजाब के भटिंडा जिले के पक्का साहेब गुरुद्वारे के पास बोड़ीपुरा थाना भगतापाई निवासी 34 वर्षीय मनप्रित सिंह उर्फ मन्नु पुत्र बलवीर सिंह जाट को गिरफतार कर कार्यवाही कर ईनोवा कार को जब्त की गई। जब्त शुदा डोडा चुरा के सम्बंध में पुछताछ जारी हैं। उक्त कार्यवाही में कानि. हेमव्रत सिंह व भजन लाल की विशेष भूमिका रही।

संगीत आश्रम संस्थान में गूंजे मदन मोहन के सुरीले गीत

संजीवनी टुडे

जयपुर। शास्त्रीनगर स्थित संगीत आश्रम संस्थान की ओर से 30 जून, रविवार को संस्थान परिसर में बॉलीवुड के लीजेंडरी म्यूजिक डायरेक्टर मदन मोहन की याद में वो भूली दास्तां शीर्षक से सांस्कृतिक संध्या संजोई गई। इसमें डेढ़ दर्जन से अधिक बाल-युवा कलाकारों ने मदन मोहन के संगीतबद्ध सुरीले सदाबहार गीतों की माला सुर, लय और ताल में पिरोकर मौजूद अनेक श्रोताओं के दिलों को छू लिया। वत्सल अनुपम के निर्देशन में सजे इस कार्यक्रम की शुरुआत वरिष्ठ कलाकार व समाजसेवी ताराचंद जैन के मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप-प्रज्वलन से हुई। कार्यक्रम में कलाकार रियाशीं गोयल ने अगर मुझसे मुहब्बत है..., जयति कुमारी ने नयना बरसे रिमझिम..., वनिता हीरानी ने रुके रुके से कदम..., ..जगदीश जीनगर इक हंसी शाम को..., भूमिका राठौर ने झुमका गिरा रे... सरीखे गीतों की खुशबू से आबोहवा को महका दिया। इसी प्रकार राजीव मित्तल ने आपके पहलू में आकर..., ममता शर्मा ने लग जा गले..., जीनस कंवर ने तू जहां-जहां चलेगा..., भूमि कोठारी ने ये दुनिया ये महफिल... जैसे गीत गाए। कार्यक्रम में लक्ष्य शर्मा, योगिता गुप्ता, वाणी कोठारी, प्रीति प्रधान, प्रियंका सिंह और वरुण जांगिड़ ने गीत पेश किए। संचालन वीना अनुपम ने किया। इलेक्ट्रिक की बोर्ड पर खुशी कृपलानी, गिटार पर दिशा शर्मा, तबले पर दिलशाद खान, वरुण जांगिड़, अकोडयन पर सुलेमान और आक्टोपेड पर गर्वित ने संगत की। अंत में संस्थान सचिव अमित अनुपम ने सभी आगन्तुकों का आभार जताया।

बाइक सवार की आंखों में मिर्च डाल 8.32 लाख रुपए लूटने का मामला, परिवादी ने शराब के ठेके से हटाया तो रची साजिश

संजीवनी टुडे

परिवादी के यहां शराब की दुकान पर काम करने वाला कर्मी ही निकला आरोपी

सिरोही।शहर की कोतवाली पुलिस ने 24 जून को हाइवे पर मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति की आंखों में मिर्च डालकर 8.32 लाख रुपए लूटने के मामले का खुलासा कर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी उजलिया पुलिस थाना करवड़ जिला जोधुपर निवासी सेल्समैन भोमसिंह (23) पुत्र राणुसिंह राजपूत है। आरोपी ने अपने एक साथी के साथ मिलकर लूट की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस लूटी गई राशि बरामद करने और दूसरे आरोपी की तलाश में जुटी है। पुलिस के मुताबिक 24 जून को कैश का काम करने वाले ओड़ा निवासी कानाराम पुत्र वीराराम रेबारी 832200 रुपए बैग में डालकर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया व पंजाब नेशनल बैंक में चालान से जमा करवाने के लिए मोटरसाइकिल से सिरोही आ रहा था। इसी दौरान आरएसी कैम्प से थोड़ा पहले एक मोटरसाइकिल पर आए दो बदमाशों ने उसकी आंखों में मिर्ची डाल दी, जिससे कानाराम मोटरसाइकिल सहित नीचे गिर गया। इस पर बदमाश उसके पास से पैसों से भरा हुआ बैग व मोबाइल छीनकर फरार हो गए। पुलिस ने मामले को

गंभीरता से लेते हुए टीम का गठन कर जांच शुरू की।

गठित टीम ने डीएसटी की सहायता व डीसीआबी टीम से तकनीकी सहायता प्राप्त कर घटनास्थल व परिवादी के रवाना होने के स्थान पालड़ी एम व घटना के बाद अज्ञात अभियुक्तों के जाने वाले रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालकर संदिग्धों को चिह्नित किया। परिवादी के ठेके पर पूर्व में काम करने वालों के सम्बंध में जानकारी की गई तो पूर्व में परिवादी के यहां से काम छोड़ कर जाने वाले भोमसिंह राजपूत पर शक हुआ। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार मुख्य आरोपी भोमसिंह पूर्व में परिवादी की शराब की दुकान पर काम करता था। जहां शराब व रुपए की गड़बड़ी करने पर परिवादी ने उससे पैसे वसूल कर निकाल दिया था। उसको यह जानकारी थी कि सोमवार को 4 दिन की ठेकों की राशि एकत्र होकर बैंक में जमा करवाने के लिए सिरोही ले जाई जाती है। ऐसे में उसने रास्ते में राशि लूटने की योजना बनाई तथा अपने साथी अनोप कुमार को साथ लेकर इस घटना को अंजाम दिया। जैसे ही परिवादी कानाराम बाइक से कैश लेकर आया तो दोनों आरोपियों ने रास्ते में मोटर साइकिल से पीछाकर पहले उसकी मोटर साइकिल के टक्कर मारकर उसे नीचे गिरा दिया और फिर उसकी आंखों में मिर्ची डालकर पैसे से भरा बैग लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने तकनीकी सहायता से मुख्य अभियुक्त भोमसिंह पुत्र राणुसिंह निवासी उजलिया पुलिस थाना करवड़ जिला जोधुपर का पताकर दस्तयाब कर गिरफ्तार किया। आरोपी ने अपने साथी अनोप कुमार के साथ मिलकर वारदात करना स्वीकार किया है।

55 ग्राम एमडीएमए जब्त, दो युवतियों सहित एमडीएमए सप्लायर थाना अम्बामाता का हिस्ट्रीशीटर तथा हार्डकोर अपराधी गिरफ्तार

मादक पदार्थ एमडीएमए के विरूद्ध थाना सुखेर तथा डीएसटी की कार्यवाही

संजीवनी टुडे

उदयपुर।उदयपुर जिले में अपराधियों की आमद रफत होने से उन पर निगरानी रखने तथा मादक पदार्थो के विरूद्ध कार्यवाही के लिये उदयपुर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल ने निर्देश प्रदान किये।निर्देशों की पालना में सुखेर थानाधिकारी हिमाशु सिंह राजावत तथा डीएसटी प्रभारी देवेन्द्र देवल के निर्देशन में टीमें गठित की गई। थानाधिकारी/डीएसटी प्रभारी के नेतृत्व में टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए क्षेत्र में मुखबिरों से तथा तकनीकी संसाधानों/आपराधिक आसूचना संकलन करना शुरू किया।29 जून को थानाधिकारी हिमांशु सिंह मय जाब्ता सर्कल में गश्त कर रहे थे कि आसूचना तन्त्र से सूचना प्राप्त हुई कि अम्बामाता थाने का हिस्ट्रीशीटर स?द्दाम क्षेत्र में मादक पदार्थ एमडी सप्लाई करता है।जिस पर टीम द्वारा गश्त की जा रही थी कि रास्ते में भैरवगढ जाने वाली सडक पर एक युवक व दो युवतियां खड़े हुए थे जो पुलिस जाब्ता को देखकर भागने लगे जिनको पुलिस जाब्ता द्वारा घेरा डालकर रोका तथा नाम पता पूछा तो सभी ने अपना नाम

अनीता टांक उर्फ एंजल (28)पुत्री नारायण लाल टांक पत्नी सुरेन्द्र चौधरी निवासी 222.अम्बामाता स्कीम, पुलिस थाना अम्बामाता हाल केशव नगर पुलिस थाना सुखेर जिला उदयपुर,हिमांशी उर्फ नन्नू (19)पुत्री भैरूलाल सोनी निवासी तिपमक नगर, अहिंसा सर्कल पुलिस थाना भीमगंज जिला भीलवाडा तथा सद्दाम हुसैन उर्फ कांकरोली (32)पिता छोटू खान वर्ष निवासी आनन्द टॉकीज के पास, पुलिस थाना नाथद्वारा जिला राजसमन्द हाल फारूख आजम कॉलोनी मल्लातलाई पुलिस थाना अम्बामाता जिला उदयपुर होना बताया। पुलिस टीम द्वारा उक्त तीनों की तलाशी तो अभियुक्त सद्दाम के कब्जे से 25 ग्राम एमडी,अनीता उर्फ एंजल के कब्जे से 15 ग्राम एमडी तथा हिमांशी उर्फ नन्नू के कब्जे से 15 ग्राम एमडी जब्त की गई।मामले हाजा में गिरफ्तार अभियुक्त सद्दाम हुसैन उर्फ कांकरोली पुलिस थाना अम्बामाता का हिस्ट्रीशीटर है तथा उसके विरूद्ध पूर्व में भी शहर के विभिन्न थानों में 15 प्रकरण दर्ज है।मादक पदार्थों की तस्करी व खरीद फरोख्त करने में लिप्त अन्य अपराधियों की तलाश जारी है।

नाबालिग प्रेमिका की हत्या का आरोपी गिरफ्तार: दूसरे के साथ अफ़ेयर के शक में कुएं में दिया धक्का, डॉग स्क्वायड की मदद से खुलासा

संजीवनी टुडे

डूंगरपुर।डूंगरपुर के धम्बोला थाना पुलिस ने नाबालिग प्रेमिका के हत्यारे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। नाबालिग प्रेमिका के दूसरे युवक से अफ़ेयर के चलते हत्या की वारदात कबूल की है। आरोपी ने नाबालिग प्रेमिका को कुएं में धक्का देकर मार दिया था। डॉग स्क्वायड की मदद से पुलिस को हत्या की वारदात का खुलासा करने में मदद मिली। धंबोला थानाधिकारी तेजसिंह ने बताया की 20 जून को सीमलवाड़ा में पीठ रोड पर इंडियन पब्लिक स्कूल के पीछे एक कुएं में एक लड़की की लाश मिली थी। लड़की के कपड़े देखकर एक व्यक्ति ने उसकी पहचान की थी। नाबालिग लड़की का शव मिलने के बाद पुलिस ने डॉग स्क्वायड की टीम को बुलाया और जांच शुरू कर दी। लड़की के पिता की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामले की जांच की। इस

दौरान पुलिस को आरोपी अनिल पुत्र बसंत सदेणा निवासी कंबोड्या थाना धंबोला के बारे में पता लगा। आरोपी के नाबालिग के साथ प्रेम प्रसंग थे। पुलिस ने आरोपी अनिल को डिटेन कर पूछताछ की तो उसने दूसरे लड़के से अफ़ेयर के चलते 18 जून को मारपीट कर कुएं में धक्का देकर हत्या करना कबूल कर लिया। पुलिस मामले में आरोपी से पूछताछ कर रही है।

सम्पादक की कलम से....

सम्पादकीय

सही दिशा में मोदी सरकार की कश्मीर नीति

मोदी सरकार ने अपने कामकाज का आगाज कश्मीर के मसले से ही किया है। कश्मीर को लेकर चुनावी सभाओं में प्रधानमंत्री मोदी और तमाम नेताओं ने देश की जनता से कई वायदे किये थे। चूंकि अब सरकार बन चुकी है कि ऐसे में अब उन तमाम फैसलों पर अमल का वक्त है। जम्मू-कश्मीर में राष्ट्रपति शासन की अवधि बढ़ाने वाला प्रस्ताव संसद में पारित करवाकर मोदी सरकार ने कश्मीर पर अपनी नीति और नीयत दोनों का खुलासा कर दिया है। मोदी सरकार के गठन के तुरंत बाद विपक्ष ने लोकतंत्र का हवाला देते हुए राज्य में तत्काल चुनाव के लिए दबाव बनाया लेकिन गृहमंत्री अमित शाह कश्मीर की वास्तविक स्थिति से संसद के दोनों सदनों को अवगत करवाते हुए सर्वसम्मति बनाने में कामयाब हो गए। कश्मीर में शांति बहाली और पाक को अलग-थलग करना मोदी सरकार के पिछले कार्यकाल की प्राथमिकताओं में शुमार था। इस बार एक माह में उठाए गए कदमों से साफ है कि सरकार का रवैया और सख्त होगा। दूसरे कार्यकाल में सरकार कश्मीर को बड़ा मुद्दा बनाने की तैयारी है। शाह को गृहमंत्री बनाकर मोदी ने यह भी संकेत दे दिया है कि वे कश्मीर को लेकर कुछ नया कर रहे हैं। राज्य में परिसीमन को लेकर हालांकि सरकार ने आधिकारिक रूप से पत्ते नहीं खोले हैं लेकिन इसके जरिये पार्टी वहां के जनसांख्यिकी ढांचे में बदलाव और गैर कश्मीरी मुख्यमंत्री का रास्ता खोल सकती है। साथ ही धारा 370 और अनुच्छेद 35 की समीक्षा भी कर सकती है। ऐसे संकेत आने लगे हैं। आम चुनावों से पहले जारी भाजपा के ल्लसंकल्प पत्रङ्क के मुताबिक मोदी के ल्लनिर्णायक नेतृत्वङ्क ने पिछले पांच सालों में भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा मानकों में ल्लमौलिक बदलावङ्क लाया है और उनकी सरकार अगले पांच सालों में आतंकवाद कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति अपनाएगी।

राज्यसभा में जहां मोदी सरकार का बहुमत नहीं है वहां भी तृणमूल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी जैसे घोर भाजपा विरोधी दलों तक ने आखिर में राष्ट्रपति शासन बढ़ाने को मंजूरी दे दी। उसके पहले अमित शाह ने आश्वस्त किया कि चुनाव के लिए अनुकूल हालात होते ही वहां लोकतान्त्रिक प्रक्रिया बहाल कर दी जायेगी। उन्होंने ये भरोसा भी दिलाया कि चुनाव का कार्यक्रम चुनाव आयोग निश्चित करेगा जिसे केंद्र सरकार बिना संकोच किये स्वीकार कर लेगी। जैसे संकेत मिल रहे हैं उनके मुताबिक इस साल के अंत तक वहां नई विधानसभा गठित कर दी जायेगी। फिलहाल निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन की प्रक्रिया पर भी विचार हो रहा है।

मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर में आरक्षण के लाभ से जुड़े जो तीन फैसले लिए हैं। उसमें सबसे खास ये है कि अब इंटरनेशनल बार्डर पर पर रहने वाले लोग यानि कि जम्मू, कठुआ और सांबा में रहने वाली आबादी, जो क्रॉस बॉर्डर फायरिंग और शैलिंग का दंश झेल रही है, उसे सरकारी नौकरियों के आरक्षण में 3 प्रतिशत का लाभ मिलेगा। जोकि इसके पहले सिर्फ लाइन आफ कंट्रोल पर रहने वाली आबादी को मिलता था, लेकिन अब बात बराबरी की हो गई। इसके अलावा एससी को 8फीसदी और एसटी को 10 फीसदी पदोन्नति में आरक्षण को लाभ मिलेगा, जो पहले नहीं मिलता था। पूरे राज्य में 10 फीसदी आरक्षण आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को मिलेगा, जैसे देश के बाकी हिस्सों को मिलेगा। सरहद के पास लोंगों को सामाजिक और आर्थिक रूप से मजबूत करने का सरकार का ये कदम किसी मास्टर स्ट्रोक से कम नहीं है।

दूसरा बड़ा फैसलारू जमात-ए-इस्लामी (जम्मू कश्मीर) पर 5 साल की पाबंदी का है। मोदी सरकार कश्मीर में सभी ऐसे गद्दारों की भी पहचान कर रही है, जो दुश्मन देश के साथ मिलकर देश का माहौल खराब कर रहे हैं। सरकार की सभी एजेंसियां अब ऐसे गद्दरों पर टूट पड़ी हैं। इसी सिलसिले में जमाते इस्लामी पर बैन करने के बाद उनके खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई है। जमाते इस्लामी यानि कि आतंकी संगठन हिजबुल मुजाहिद्दीन। जमाते इसलामी ने ही हिजबुल मुजाहिद्दीन को पैदा किया है और हिजबुल के लिए आतंकी भर्ती करना, फंड का इंजताम करना उसका सबसे बड़ा काम है। एजेंसियों ने इस बात की जांच शुरू कर दी है कि आखिर जमाते इस्लामी के पास पैसा कहां से आता है, जो आतंकियों को देकर ये भारत में दहशतगर्दी कराता है। इस सभी के खिलाफ सरकार आतंकी कानून के तहत कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है, क्योंकि इनके खिलाफ कई सबूत जांच एजेंसियों के हाथ लगे हैं।

आज का राशिफल

यह राशिफल जन्म राशि पर आधारित है। व्यक्ति के जन्म के समय चंद्रमा जिस राशि पर थे, वही उसकी जन्म राशि होती है। यदि राशि की जानकारी आपको नहीं है तो अपने नामाक्षर से राशिफल देखें।

मेष (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ) : आज भाग्य से कोई नया प्रस्ताव मिल सकता है। सरकारी काम आसानी से बन जाएंगे। अधिकारी सहयोग करेंगे। किसी चैरिटी आदि में धन खर्च करेंगे। मित्रों के साथ पार्टी में जा सकते हैं।

वृषभ (ई,उ,ए,ओ,वा,वी,वू,वे,वो) : सुख-सुविधाओं पर खर्च होगा। व्यक्तिगत मामलों में गलतफहमी को जन्म देने वाली कोई बात हो सकती है। परिवार के साथ पार्टी में जा सकते हैं। कोई नया प्रस्ताव यदि आज मिलता है।

मिथुन (क,की,कू,घ,ङ, छ, के,को, ह) : कार्यों को मन लगाकर पूरा करेंगे। आपकी बढ़ते प्रभाव से कुछ लोगों को परेशानी हो सकती है। आज की गई मेहनत का पूरा फल नहीं मिलेगा। व्यक्तिगत मामलों को सावधानी से हल करें।

कर्क (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो) : किसी योजना का क्रियान्वयन हो जाएगा। अधूरे काम भी किसी न किसी सहयोग से आज पूरे हो जाएंगे। धैर्यपूर्वक निर्णय लेने पड़ेंगे। भाग-दौड़ बनी रहेगी, परंतु यात्रा करना आज ठीक नहीं रहेगा।

सिंह (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे) : परिवार के बड़े सदस्यों की आज्ञा मान कर चलेंगे तो फायदे में रहेंगे। लाभ के एक से अधिक अवसर सामने होंगे। चाहा गया सहयोग नहीं मिलने से काम खुद ही पूरे करने पड़ेंगे। बड़े भाई से लाभ होगा।

कन्या (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो) : आज घर और बाहर दोनों जगह आपके काम की सराहना होगी। काम के घंटे बढ़ जाएंगे अतः पिछले छूटे कामों को पहले पूरा कर लें। अधिकारी वर्ग प्रसन्न रहेगा। विद्यार्थी वर्ग लाभ में रहेगा।

तुला (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते) : आज काम बनने में थोड़ी असुविधा हो सकती है। विरोधियों से सावधान रहना होगा। प्रोपर्टी के खरीदने या बेचने से संबंधी बात हो सकती है। पुराने मित्रों से मुलाकात होने की संभावना है।

वृश्चिक (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू) : व्यावसायिक कार्यों का विस्तार करने के लिए अतिरिक्त परिश्रम करना पड़ेगा। सहयोग मिल जाने से थोड़ी आसानी हो जाएगी। व्यक्तिगत संबंधों में सौहार्द्र की भावना बढ़ने से मन प्रसन्न होगा।

धनु (ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे) : आज का दिन महत्वपूर्ण काम करने के लिए नहीं है। निजी समस्याओं को अपने ऊपर हावी न होने दें। परिवार के साथ समय बिताना आवश्यक है, चाहें तो कहीं आउटिंग के लिए जा सकते हैं।

मकर (भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी) : आज स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा, परंतु काम फिर भी आसानी से बन जाएंगे। लाभ की कोई नई योजना बनाकर उस पर अमल करेंगे। मित्र विशेष सहयोगी बनकर सामने आएंगे।

कुंभ (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा) : आज घर की बुजुर्ग स्त्री की सलाह काम आएगी, महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय उसको नजरअंदाज ना करें। यात्रा करना हित में नहीं रहेगा, बहुत जरूरी हो तो पहले मंदिर जाएं फिर यात्रा करें।

मीन (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची) : आज योग्यता दिखाने का उचित अवसर मिलेगा। लाभ देने वाली छोटी यात्रा की संभावना है। बडी प्रतिस्पर्धा में भी विजयी होंगे। वाहन धीमी गति में चलाएं, अन्य कामों में भी जल्दबाजी ना करें।

युग-युगान्तर तक प्रासंगिक रहेगा विवेकानंद के विचार

भारत की उर्वर भूमि आदिकाल से ही महान रत्नों को पैदा करती रही है,जिन्होंने अपने आचार-विचार से समूचे विश्व का मार्गदर्शन किया है। समय-समय पर अपने अपने बौद्धिक श्रेष्ठता से इन हुतात्माओं ने पूरी दुनिया का ध्यान भारत की ओर आकर्षित किया है। स्वामी विवेकानंद इसी अद्वितीय ज्ञान सम्पदा से परिपूर्ण महान श्रृंखला के प्रकाशपुंज हैं जिनके सिद्धांतों का पल्लवन हम आजतक करते रहे हैं। आज जब 21वीं सदी में जब हम नित नयी समस्याओं का सामना कर रहे हैं। भविष्य को लेकर हमारी महत्वाकांछा हमारे वर्तमान पर हावी हो रही हैं।आज की पीढ़ी के सामने अपने अस्तित्व को परिभाषित करने की चुनौती खड़ी हो गई है। आज भारतवर्ष को स्वतन्त्रता प्राप्त किये छः दशक बीत गये। वैज्ञानिक प्रगति के साथ-साथ भौतिक प्रगति भी हुई , परन्तु कहीं न कहीं धार्मिक भावना का ह्रास हुआ। फलस्वरूप चारित्रिक पतन यत्र-तत्र-सर्वत्र दृष्टिगोचर होता है। हिंसा, अपहरण, उत्कोच, भ्रष्टाचार, व्यभिचार इत्यादि घटनाओं का अम्बार लगा है। जो गरीबी, शिक्षा, खेती, महिला सशक्तिकरण और अन्य बड़ी समस्याओं स्वामी विवेकानंद के समय में थी , वे आज भी समाप्त नहीं हुई हैं। उस समय पर विवेकानंद ने भी अपने विचार व्यक्त किया था और इनका सामना करने के तरीके भी बताए थे लेकिन आज के सत्तारूढ़ लोगों को इन पर गौर करने की न ही फुर्सत ही है और न ही इच्छाशक्ति दिख रही है। इतना ही नहीं, इन ज्ञानी-पंडितों ने अपनी सुविधा के अनुसार तरह-तरह के विवेकानंद भी गढ़ लिए हैं। युवाशक्ति के विवेक का जागरण आवश्यक है। वैश्वीकरण के आधुनिक युग में स्वामी विवेकानन्द की प्रासंगिकता और भी बढ़ जाती है।

स्वामी विवेकानंद का जीवन वर्तमान समय में आदर्श है। उनके जैसा विचारशील युवा अब होना मुश्किल है। आज जब की पश्चिम की देखा देखि हम अपनी बहुमूल्य सम्पदा अपनी संस्कृति को त्याग कर पाश्चात्य संस्कृति के रंग मे रंग रहे है। तो ऐसे मैं विवेकानंद का स्मरण किया जाना आवश्यक है। विवेकानंद के जिस संस्कृति को हम अनदेखा कर रहे हैं । उसे यूरोप में अपने ओजपूर्ण भाषण से ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया। प्रगतिशील भारत के निर्माण के लिए सबसे मुख्य औज़ार शिक्षा ही है जो लोगों को सशक्त बना सकती है।शिक्षा कैसी हो, इसके बारे में स्वामी विवेकानंद कहते हैं, 'शिक्षा का मतलब यह नहीं है कि दिमाग में कई ऐसी सूचनाएं एकत्रित कर ली जाएं जिसका जीवन में कोई इस्तेमाल ही नहीं हो। हमारी शिक्षा जीवन निर्माण, व्यक्ति निर्माण और चरित्र निर्माण पर आधारित होनी चाहिए। कहते है - ऐसी शिक्षा हासिल करने वाला व्यक्ति उस व्यक्ति से अधिक शिक्षित माना जाएगा जिसने पूरे पुस्तकालय को कंठस्थ कर लिया हो। अगर सूचनाएं ही शिक्षा होतीं तो फिर तो पुस्तकालय ही संत हो गए होते। लेकिन हमारी शिक्षा व्यवस्था की बच्चों को रट्?टू तोता बनाने वाली है जिसमें दिमाग का उपयोग ही नहीं किया जाता है। शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए वे आगे कहते हैं - ''यूरोप के कई शहरों की यात्रा करके मैंने यह देखा कि वहां के गरीब भी शिक्षित हैं और उनकी हालत हमारे यहां के गरीबों से बहुत अच्छी है। यह फर्क शिक्षा ने पैदा किया है। शिक्षा आत्मबल देती है।'' लेकिन देश में अच्छी शिक्षा का मतलब ऐसी पदवी या नौकरी पाना है जो कि ज्यादा से ज्यादा रिश्वत कमाने में मददगार हो। स्वामी विवेकानंद के संदर्भ मे कई ऐसे प्रसंग है जो उनकी महानता को प्रदर्शित करते हैं । जैसे स्वामी विवेकानंद जब शिकागो सम्मेलन मे भाग लेने गए तो वहाँ इस बात की बड़ी चर्चा थी की विवेकानंद ब्रह्मचर्य व्रत का पालन करते हैं। तो एक सुंदर युवती उनकी परीक्षा लेने के उद्देश्य से वहाँ पहुंची। युवती ने निवेदन करते हुए कहा । महाराज मैं आपकी ही तरह एक तेजस्वी पुत्र चाहती हूँ। विवेकानंद ने तत्क्षण उस युवती से कहा तो आज से ही आप मुझे अपना पुत्र मान लीजिये। ओर इस तरह उन्होने उस युवती को अपने उत्तर से शर्मिंदा कर दिया। किन्तु कभी कभी ये प्रश्न उठता है की जब कभी भी इस देश के गौरव की बात होती है तो हम सम्मान से कहते है की हम उसी देश के हैं जहां स्वामी विवेकानंद जैसे महापुरुष हुए पर जब बाहर के देशों से आई हुई महिला पर्यटकों के साथ दुर्व्यवहार व छेदखानी की घटनाएँ होती है तो हम भूल जाते हैं की हम उस महापुरुष के गौरव को भी खंडित कर रहे है, जिसने अपने अदभूद उत्तर से उस युवती को निरुत्तर कर दिया। हमारे देश में महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले में स्थिति विकराल हो चुकी है। हमारे देश में अगर दूसरे देश की महिला भी सैर करने आती है तो 'गैंगरेप' जैस अनुभव लेकर जाती है। सुरक्षा के अलावा महिलाएं और भी कई मोर्चों पर समस्याओं का सामना कर रही हैं।महिलाओं को सशक्त बनाने की राह सुझाते हुए स्वामी विवेकानंद कहते हैं, 'महिलाओं को बस शिक्षा दे दो। इसके बाद वे खुद बताएंगी उनके लिए किस तरह की सुधार जरूरत है। मामूली दिक्कतों में भी उन्हें अब तक असहाय बने रहने, दूसरों पर निर्भर रहने और आंसू बहाने का ही प्रशिक्षण दिया गया है।'लेकिन क्या देश का शासन तंत्र और राजनीति महिलाओं को सशक्त बनने देना चाहती है?भारत में पुरुषों ने महिलाओं को उत्पादन मशीन बनाकर छोड़ा है। अगर महिलाओं को सशक्त नहीं बनाया गया तो फिर तरक्की का कोई रास्ता नहीं बचता है।

स्वामी विवेकानन्द ने अपने लेखों एवं भाषणों के जरिए जो विचार प्रस्तुत किया है उसमें मुख्यतः ''आत्मविश्वास'' ''आत्मगौरव की भावना'' एवं ''भारतीय संस्कृति में नूतन विश्वास'' पर काफी बल दिया है। उनके इन्हीं तथ्यों को देखकर कहा जा सकता है कि स्वामी जी पक्के ''राष्ट्रवादी'' थे। इसी कारण महान स्वतन्त्रता सेनानी सुभाष चन्द्र बोस ने स्वामी विवेकानन्द को आधुनिक राष्ट्रीय आन्दोलन का ''आध्यात्मिक पिता'' कहकर सम्बोधित किया। विवेकानन्द के विचारों के तथ्य शाश्वत हैं और आज भी आत्मसात करने योग्य हैं। स्वामी जी का लक्ष्य समाज में समताभाव को स्थापित करना था, इसलिए वे दलितों, गरीबों, शोषितों के प्रति अत्यन्त संवेदनशील थे। आज भी समाज एवं राष्ट्र का एकांगी विकास हीं दिखाई दे रहा है। समाज और राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए दलितों, गरीबों, शोषितों के प्रति समाज के धनाढ्य कुबेरों को अपनी मानसिकता बदलने की जरूरत है। स्वामीजी का यह कथन कि दरिद्र ही देवता हैं, नर सेवा हीं नारायण सेवा है आदि राष्ट्र में विषमता की खाई को पाटने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। ''मानवता की सेवा'' ही हमारे धर्म का मूल है इसलिए उसे अपनाना हीं श्रेयष्कर होगा। नक्सवाद, उग्रवाद एवं भष्टाचार के उन्मूलन में यह विचारधारा कारगर सिद्ध हो सकती है। हमें मनसा-वाचा-कर्मणा स्वामी जी के इस उद्देश्य को अंगीकार करना पड़ेगा तभी समाज, राष्ट्र और अखिल विश्व का कल्याण सम्भव है। स्वामी विवेकानन्द प्रबल मानवतावादी थे। इन्हीं भावनाओं से अभिभूत होकर उन्होंने कहा - ''एकमात्र भगवान जिसमें मैं विश्वास करता हूँ वह है सभी आत्माओं का कुल योग और सबसे पहले मेरे भगवान सभी जातियों के कुष्ठपीड़ित, दरिद्र हैं।'' इसी सन्दर्भ में उन्होंने कहा - ''जब तक करोड़ों लोग भूख और अज्ञान से पीड़ित हैं तब तक मैं उस हर व्यक्ति को देशद्रोही समझूँगा जो उनके खर्च से शिक्षित बनकर उनके प्रति तनिक भी ध्यान नहीं देता।'' विवेकानंद की इन दो बातों से साफ है कि वे इस बड़ी समस्या का समाधान गरीबों के लेकर रवैए में बदलाव' के रूप में दे रहे हैं। एक बड़ा वर्ग मानता है कि आज अगर देश के नीति निर्धारक गरीबों को लेकर सिर्फ अपना रवैया बदल लें तो फिर जो नीतियां बनेंगी।

विचार बिन्दु

नृपेन्द्र अभिषेक नृप

वे असल मायनों में गरीबों के हित में होंगी। जब दिन-ब-दिन पूंजीवादी युग में समाज में ऊँच-नीच की खाई और गहरी होती जा रही है तो ऐसे में स्वामीजी का विचार सामाजिक समरसता को बनाये रखने का सबसे अच्छा और प्रगतिशील मार्ग साबित हो सकता है। विवेकान्द के अनुसार एक ऐसी सामाजिक संरचना का निर्माण हो जहाँ न कोई शोषक हो और न कोई शोषित,यही अवधारणा नए भारत के निर्माण को फलीभूत कर सकती है। 'क्रोनी कैपिटलिज्म' और 'देशभक्ति और राष्ट्रवाद को ओड़ने, बिछाने और पहनने वाले चिंतकों के देश के प्रधानमंत्री' ही लाखों का सूट पहनता है।

जानिए भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा का इतिहास और

भारत देश के ओडिशा राज्य के तटवर्ती शहर पूरी में भगवान जगन्नाथ का विशाल मंदिर है। जगन्नाथ मंदिर को हिन्दू धर्म में चार धाम से से एक माना गया हैं। यहाँ हर वर्ष भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा निकाली जाती हैं जो भारत ही नहीं वरन विश्व प्रसिद्ध हैं। जगन्नाथपुरी को मुख्यतः पुरी के नाम से जाना जाता हैं। इस वर्ष भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा 4 जुलाई को निकलेगी। जगन्नाथ रथ उत्सव 10 दिन का होता हैं इस दौरान यहाँ देशभर से लाखों श्रद्धालु पहुँचते हैं।

भगवान जगन्नाथ को श्रीकृष्ण का अवतार माना गया हैं। जिनकी महिमा का उल्लेख धार्मिक ग्रंथों एवं पुराणों में भी किया गया हैं। ऐसी मान्यता हैं कि जगन्नाथ रथयात्रा में भगवान श्रीकृष्ण और उनके भाई बलराम और बहन सुभद्रा का रथ होता हैं। जो इस रथयात्रा में शामिल होकर रथ को खींचते हैं उन्हें सौ यज्ञ के बराबर पुण्य लाभ मिलता हैं। रथयात्रा के दौरान लाखों की संख्या में लोग शामिल होते हैं एवं रथ को खींचने के लिए श्रद्धालुओं का भारी तांता लगता हैं। जगन्नाथ यात्रा हिन्दू पंचाग के अनुसार आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को निकाली जाती हैं। जो इस वर्ष 4 जुलाई को निकलेगी। यात्रा में शामिल होने के लिए देश भर से श्रद्धालु यहां पहुँच रहें हैं। हिन्दू धर्म में जगन्नाथ रथ यात्रा का एक बहुत बड़ा महत्व हैं। मान्यताओं के अनुसार रथ यात्रा को निकालकर भगवान जगन्नाथ को प्रसिद्ध गुंडिचा माता मंदिर पहुँचाया जाता हैं। यहाँ भगवान जगन्नाथ आराम करते हैं। गुंडिचा माता मंदिर में भारी तैयारी की जाती हैं एवं मंदिर की सफाई के लिये इंद्रद्युमन सरोवर से जल लाया जाता हैं। यात्रा का सबसे बड़ा महत्व यही है कि यह पूरे भारत में एक पर्व की तरह मनाया जाता हैं। चार धाम में से एक धाम जगन्नाथ मंदिर को माना गया हैं। इसलिए जीवन में एक बार इस यात्रा में शामिल होने का शास्त्रों में भी उल्लेख हैं। जगन्नाथ रथयात्रा में सबसे आगे भगवान बालभद्र का रथ रहता हैं बिच में भगवान की बहन सुभद्रा का एवं अंत में भगवान जगन्नाथ का रथ रहता हैं। इस यात्रा में जो भी सच्चे भाव से शामिल होता हैं उसकी मनोकामना पूर्ण होकर उसे मोक्ष की प्राप्ति होती हैं। भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा देश में एक पर्व की तरह मनाई जाती हैं इसलिए पूरी के अलावा कई जगह यह यात्रा निकाली जाती हैं। रथयात्रा को लेकर कई तरह की मान्यताएं एवं इतिहास हैं। बताया जाता हैं कि एक दिन भगवान जगन्नाथ की बहन सुभद्रा ने नगर देखने की चाह रखते हुए भगवान से द्वारका के दर्शन कराने की प्रार्थना की तब भगवान जगन्नाथ ने अपनी बहन को रथ में बैठाकर नगर का भ्रमण करवाया।

04 जुलाई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

1914 बर्दुन का युद्ध समाप्त।
1996 रूस के राष्ट्रपति बोरिस येल्तसिन पुनः चार वर्ष हेतु राष्ट्रपति निर्वाचित।
1997 अमेरिकी यान 'सोजर्नर' मंगल ग्रह पर पहुँचा।
1998 चेक गणराज्य की याना नावोत्ना ने विम्बलडन टेनिस का एकल ख़िताब जीता, जापान ने मंगल ग्रह के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए 'प्लेनेट-बी' नामक अपना प्रथम अंतराग्रहिक मिशन भेजा, ब्रिटेन के एक पावरबोट 'द केवल एंड वायरलेस एडवेंचर' ने 74 दिन 20 घंटे व 38 मिनट में यात्रा पूरी करके सबसे शीघ्र विश्व भ्रमण का रिकार्ड तोड़ा।
2001 भारत द्वारा पाकिस्तान के नागरिकों (बंदियों) की रिहाई के निर्देश।
2003 पाकिस्तान में शिया मस्जिद पर हुए हमले में 44 मारे गये।
2005 आस्ट्रेलिया में डाल्फ़िन की एक नई प्रजाति स्नबफ़िन खोजी गई।
2006 गांधी शांति पुरस्कार विजेता व भारत में जर्मनी के पूर्व राजदूत गरहार्ड फ़िशर का निधन।
2007 वेबसाइट सेंटिडो कॉमन के मुताबिक मैक्सिको के कॉर्लोस स्लिम दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति बने।
2008 लगभग आठ साल बाद चीन की मुख्य भूमि और ताईवान के बीच नियमित सीधी विमान सेवा का पहला विमान ताइवान के तायोयुआन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा।

जन्मे व्यक्ति
1945 सुशील कुमार (अभिनेता) - हिन्दी फ़िल्मों के अभिनेता।
1897 अल्लूरी सीताराम राजू - प्रसिद्ध दक्षिण भारतीय स्वतंत्रता सेनानी

स्वार्थ चेतना भी अस्वस्थ कर देती है

विचार बिन्दु

ललित गर्ग

जरूरी है हम पहले अपनी मदद करना सीखें। दूसरों की मदद तभी कर पाएंगे। खुद को थामे रखे बिना दूसरों को पकड़ने की कोशिश निराशा ही देती है।

कोरोना महामारी हमें बड़ी सीख दी है कि हम समाज एवं देश में एक साथ तभी रह पाते है जब वास्तविक प्रेम, निस्वार्थ भावना एवं संवेदना को जीने का अभ्यास करते हैं। उसका अभ्यास सूत्र है-साथ-साथ रहो, तुम भी रहो और मैं भी रहूं। या 'तुम' या 'मैं' यह बिखराव एवं विघटन का विकल्प है। 'हम दोनों साथ नहीं रह सकते' यह नफरत एवं द्वेष का प्रयोग है। विरोध में सामंजस्य स्थापित किया जा सकता है। जो व्यक्ति दूसरे के साथ सामंजस्य स्थापित करना नहीं जानता, वह परिवार एवं समाज में रह कर शांतिपूर्ण जीवन नहीं जी सकता। दूसरों के साथ हमारे रिश्ते में सबसे बड़ा रोड़ा है अहंकार एवं स्वार्थ। यह बड़ी चतुराई से अपनी जगह बनाता है। अहंकारी एवं स्वार्थी अपने फायदे के लिए ही दूसरों के पीछे भागता है। बड़ों से संबंध जोड़ता है और छोटों एवं कमजोर की अनदेखी कर देता है। प्रेम हंसाता है तो अहंकार चोट पहुंचाता रहता है, स्वार्थ बांटता है तो निस्वार्थ जोड़ता है। अहंकारी एवं स्वार्थी गले लगाकर भी दूसरे को छोटा ही बनाए रखता है। यह केवल दूसरों से पाने की चाह रखता है। जब हम अपने हिस्से में से दूसरों को भी देना सीख जाते हैं और अपनी खुशियां दूसरों के साथ बांटना सीख जाते हैं तो जीवन एक प्रेरणा बन जाता है। स्वार्थ की भावना बड़ी तीव्र गति से संक्रान्त होती है और जब संक्रान्त होती है तो वह अनर्थ एवं विनाश का कारण बन जाती है। उन्नत, शांतिपूर्ण एवं आदर्श समाज-रचना के लिये सामुदायिक चेतना का विकास और सकारात्मक सोच का प्रशस्त चिंतन अपेक्षित है। आज राष्ट्र का और पूरे विश्व का निरीक्षण करें, स्थिति पर दृष्टिपात करें तो साफ पता चल जाएगा कि लोगों में स्वार्थ की भावना बलवती हो रही है। जबकि बड़ा धुरव सत्य है कि स्वार्थी समाज कभी सुखी नहीं बन सकता।

स्वार्थ एक नकारात्मक भाव है जो केवल मन को ही नहीं तन को भी अस्वस्थ कर देता है। जबकि निस्वार्थ स्पर्श तुरंत मूड को बदल देता है। उससे शरीर में खुशी देने वाले हार्मोन का स्राव होने लगता है। जो निस्वार्थी होगा, उसकी प्यार भरी झप्पी, हजारों शब्दों से बेहतर असर दिखाती है। जीवन में जो कुछ भी है, जैसा भी है, उसके लिए कृतज्ञता जाहिर करें। छोटी-से-छोटी मदद के लिए दूसरों को शुक्रिया कहें और बड़ी-से-बड़ी सहायता के लिये तत्पर हो जाये। आप पाएंगे कि बहुत कुछ ऐसा है, जिसके लिए खुश हुआ जा सकता है।

निस्वार्थ भावों एवं संवेदनशीलता का कोई एक रूप नहीं होता। निस्वार्थी एवं संवेदनशील व्यक्ति हर दिन अपनी दुनिया बढ़ाता रहता है। उससे उपजी करुणा अपने-पराए का भेद नहीं कर सकती। सबसे बड़ी बात कि प्यार और करुणा सुविधा नहीं है, जीवन की जरूरतें हैं। खुद में इन्हें बढ़ाते रहें। कोई साथ है तो उसे यह एहसास कराएं कि आप उन्हें देख, सुन और महसूस कर पा रहे हैं। उन्हें मानते हैं, प्यार करते हैं, उनके आभारी हैं। हमें अपने परिवेश एवं समाज को ठीक करने की कला आनी ही चाहिए। कुछ तरीके होते हैं, जो वाकई झटपट खुशियां देते हैं। शोध कहते हैं मन ना भी हो तो भी जबर्दस्ती की मुस्कान फायदा देती है। इससे शरीर में खुशी देने वाले एंड्रोफिन्स हार्मोन्स पैदा होते हैं। ये हार्मोन चेहरे की मांसपेशियों के फैलने से उत्पन्न होते हैं और शरीर में तनाव को कम रखने वाले कॉर्टिसोल हार्मोन भी पैदा करते हैं। दिल से खुशियां बांटियें, पर अपनी मुस्कान को पकड़े रहिये। पारिवारिक एवं सामाजिक शांति के लिए सहिष्णुता के साथ विनय और वात्सल्य भी आवश्यक है। आज का पढ़ा लिखा आदमी विनम्रता को गुलामी समझता है। उसका यह चिंतन अहंकार को बढ़ा रहा है। विनय भारतीय संस्कृति का प्राणतत्व रहा है। जिस परिवार एवं समाज में विनय की परंपरा नहीं होती, उसमें शांतिपूर्ण जीवन नहीं हो सकता। एक विनय करे और दूसरा वात्सल्य न दे तो विनय भी रूठ जाता है। वात्सल्य मिलता रहे और विनय बढ़ता रहे तो पारिवारिक एवं सामाजिक जीवन में शांति का संचार बना रहता है। सामंजस्य, समझौता, व्यवस्था, सहिष्णुता, विनय और वात्सल्य इन्हें जीवन में उतारें तभी पारिवारिक एवं सामाजिक शांति बनी रहेगी। जब तक आप दिमाग से संचालित होते हैं, आपको सच्चा प्रेम नहीं हो सकता। प्रेम का एहसास हो सकता है, लेकिन वह सच्चा प्रेम नहीं होता। मसलन- हममें से ज्यादातर लोगों ने अपने जीवन में महसूस किया होगा कि उन्हें प्यार हो गया है। लेकिन वास्तव में एक-दो लोग ही होते हैं, जो सचमुच प्यार में होते हैं। ज्यादातर लोगों में कुछ समय बाद ही प्यार का एहसास समाप्त हो जाता है।

शाकाहार

शतम् जीवेत् सुखम् जीवेत्

स्वास्थ्य ही धन है, ऐसे में आप किस तरह के आहार का सेवन करते हैं, उसपर आपका स्वास्थ्य निर्भर करता है। शाकाहारी भोजन आपको न केवल स्वस्थ रखता है, बल्कि कई गंभीर बीमारियों से बचाता है। शाकाहारी भोजन के सेवन से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों के विभिन्न पहलुओं की पड़ताल करता आलेख। सच में यह कहा जाये, तो बिल्कुल गलत नहीं होगा, कि व्यक्ति का शरीर केवल शाकाहार भोजन खाने के लिए बना है। शाकाहार में शरीर के लिए जरूरी आयरन, प्रोटीन, फैट्स, विटामिन्स आदि होते हैं। लेकिन लोगों को यह लगता है कि नॉनवेज में प्रोटीन ज्यादा होता है, इसलिए नॉनवेज खाना चाहिए, लेकिन यह सही नहीं है। शाकाहार के सेवन से भी प्रोटीन की जरूरत को पूरा किया जा सकता है।

संतृप्त वसा व कोलेस्ट्रॉल की मात्रा कम

शाकाहारी भोजन में रेशे यानी फाइबर बहुतायत में पाये जाते हैं। इसमें विटामिन व लवणों की मात्र भी अपेक्षाकृत ज्यादा होती है। शाकाहारी भोजन में पानी की मात्र भी ज्यादा होती है, जिससे मोटापा कम होता है। मांसाहार की तुलना में शाकाहारी भोजन में संतृप्त वसा व कोलेस्ट्रॉल की मात्र कम होती है, जिससे यह हृदय रोगों की आशंका को कम करता है। अनाज, फली, फल व सब्जियों में रेशे व एंटीऑक्सीडेंट ज्यादा होते हैं, जो कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी को दूर रखने में सहायक होते हैं।

शाक से मिलता है प्रोटीन

शाकाहारी होना कतई हानिकारक नहीं है। मांसाहारियों को शरीर के लिए जरूरी तत्व जो मांस से मिलते हैं, वही जरूरी तत्व शाकाहारियों को कई प्रकार के शाक से मिलते हैं। प्रोटीन जो मछली, मांस और अंडे से प्राप्त होता है, वह वनस्पति से भी प्राप्त होता है।

बनो शाकाहारी हो जाओ दीर्घायु

मानव शरीर के कार्य करने के लिए ऐसा कोई पौष्टिक व जरूरी तत्व नहीं है, जो वनस्पतियों से प्राप्त नहीं किया जा सकता। फोलेट के अत्यधिक मात्र में होने के कारण और न्यून मात्र में सैचुरेटेड फैट, कोलेस्ट्रॉल व एनिमल प्रोटीन मात्र के कारण शाकाहारी भोजन हमें खतरनाक और सामान्य रोगों से बचाता है।

कौन सा विटामिन पाएं कहां से



विटामिन 'ए': (1) हरी सब्जियां (2) मक्खन (3) क्रीम (4) गाय का दूध (5) काडलिवर आयल

विटामिन बी 1: (1) गेहूं (2) ताजे मटर (3) अंकुरित बीज (4) सेम (5) खमीर आदि।

विटामिन बी2: (1) अंडा (2) टमाटर (3) दूध (4) खुमानी (5) हरी सब्जियां।

विटामिन बी 6: (1) अनाज के दाने (2) मछली (3) मांस (4) खमीर (5) चावल (6) फलियां

विटामिन बी 12: (1) हरी सब्जियां (2) दालें (4) अनाज (5) खमीर आदि।

विटामिन सी: (1) बंदगोभी (2) शलगम (3) सादे रसदार फल (4) टमाटर (5) नींबू आदि।

विटामिन- डी: (1) दूध (2) काड लिवर आयल (3) पनीर (4) घी (5) मक्खन

विटामिन ई: (1) गेहूं के अंकुर (2) पालक (3) हरी सब्जियां (4) बंदगोभी (5) टमाटर आदि।

किसके लिये कौन सा विटामिन है फायदेमंद

- हमें आंखों के लिये विटामिन 'ए' तथा 'सी' की आवश्यकता है।
- मसूड़ों तथा दांतों की मजबूती के लिये विटामिन सी चाहिए।
- पाचन शक्ति बढ़ाने तथा हृदय को मजबूत करने के लिए विटामिन बी चाहिए।
- फेफड़ों की प्रतिरोधक शक्ति बढ़ाने के लिये विटामिन 'डी' की आवश्यकता होती है।
- बार-बार खांसी जुकाम हो तो विटामिन 'ए' लीजिए।
- पिण्डलियों का भारीपन तथा पांव का दर्द दूर करने के लिये विटामिन 'बी' चाहिए।
- खून की कमजोरी दूर करने के लिये विटामिन सी की आवश्यकता होती है।
- शरीर की हड्डियां टेढ़ी-मेढ़ी न हों, इसके लिए विटामिन 'डी' का सेवन करें।

1977 से अमेरिका में विश्व शाकाहार दिवस मनाने की शुरूआत की

शाकाहारी भोजन में संतृप्त वसा और कोलेस्ट्रॉल की मात्रा कम होती है।

शाकाहार से रक्तचाप रहता है सामान्य

इस संस्था के शोधकर्ताओं का मानना है कि शाकाहारियों के रक्त में यूरिक एसिड का मात्रा कम होती है। इससे रक्तचाप सामान्य रहता है, जबकि मांसाहारियों में इसकी अधिकता पायी जाती है। शाकाहार के बारे में कुछ जाने-माने सितारों का भी मत सकारात्मक है।

विश्व प्रसिद्ध शाकाहारी

विश्व के प्रसिध्द महापुरुष शाकाहारी थे, जिनमें सर आईजक न्यूटन, टॉलस्टाय, मिल्टन, अरस्तु, बर्नार्ड शा आदि के नाम प्रमुख हैं। शाकाहार ने ही उनके बंद ज्ञान की पंखुड़ियों को खोलने में मदद की। महान वैज्ञानिक एलबर्ट आइन्सटाईन का कथन आज भी सत्य है। शाकाहार का हमारी प्रकृति पर गहरा प्रभाव पड़ता है। इससे तो इंसान का भाग्य पलट सकता है। कैंसर एंड अदर डिसीज फ्राम मीट कन्जंम्पशन पुस्तक के लेखक लियोनार्डो ब्लानचे ने कैंसर के अनेक मरीजों का इलाज किया है। उन्होंने पाया कि कुल संख्या का एक तिहाई भाग जिस कैंसर से पीड़ित मिला है, वह पेट का कैंसर ही था। उनके अनुसार, पेट में पूरी तरह न पचने राले खाद्य पदार्थों से ऐसा संभव हुआ है। मांस ऐसा भोजन है जो देर से पचता है, जबकि शाकाहार करने वाले ऐसी शिकायतें कम करते हैं।

शाकाहार, मांसाहार की अपेक्षा अधिक सस्ता

आर्थिक दृष्टि से शाकाहार, मांसाहार की अपेक्षा अधिक सस्ता पड़ता है। शाकाहारी भोजन चाहे जितना ही भारी हो, लेकिन मांस से पहले पचता है। यह भूख को पूर्ण रूप से तृप्त करता है। इससे मोटापा आने के आसार बहुत कम होते हैं। शाकाहारी के शरीर में रक्त के संचार की गति तेज होती है। शाकाहार की महत्ता को गास्पल आफ जीसस क्राइस्ट में भी बताया गया है कि यदि तुम शाकाहारी भोजन को नियमित अपनाओगे तो तुम्हें नया जीवन व शक्ति मिलेगी।

मांसाहारी जिन मांस को खाते हैं, वह न जाने कैसे पशुओं का होता हैं। शहर में घूमते इन आवारा पशुओं को अनेक बीमारियां घेरे रहती हैं। जब इन्हें काटा जाता है तो क्या इनके शरीर की जांच की जाती है?

मांसाहार मानव शरीर को करता विकृत

मांसाहार अवश्य ही मानव शरीर को विकृत करता है। शाकाहार वास्तव में मनुष्य के मन और शरीर को सुदृढ़ बनाता है। अत: निष्कर्ष के तौर पर कहा जा सकता है कि हर हाल में शाकाहार मांसाहार की अपेक्षा अत्यन्त लाभदायक होता है, फिर मनुष्य को प्रकृति में रहने की आदत है तो उसी के अनुरूप आचरण भी करना चाहिए।

लहसुन उच्च रक्तचाप में राहत देता है

लहसुन सर्दियों से दुनिया भर में अनेक लोगों के भोजन का अंग रहा है, जो लोग इसे पसंद करते हैं, उनका कहना है कि लहसून से खाने का मजा बढ़ जाता है, लेकिन दुनिया के कई समाज इसे खाना अच्छा नहीं समझते, शायद तीखी गंध के कारण। आयुर्वेद में लहसुन का गुण-गान किया गया है। अब तो आधुनिक चिकित्सा पध्दति के विशेषज्ञ भी कई बीमारियों में इसे कारगर मानने लगे हैं। दमा, बहरेपन, खांसी-जुकाम, पेट में कीड़े आदि में लहसुन लेने की सलाह दी जाती है। छाती के रोगों में और सर्दी लग जाने पर लहसुन की दूध में उबाल कर लेना चाहिए। तपेदिक के मरीजों के लिए भी लहसुन बहुत मुफीद है। लहसुन की कली को पीसकर 250 ग्राम दूध में धीमी आंच पर उबालिये। एक चौथाई दूध रह जाने पर यह दवा बन जाएगी। इसे दिन में तीन बार लेना चाहिए। सुबह-सबेरे खाली पेट लहसुन की एक-दो कलियों को जरा-सा कूट कर पानी में निगल जाइए। उच्च रक्तचाप और पेट की बीमारियों में फायदा होगा। आंतों में जमा विषैला तत्व नष्ट हो जाता है।

लहसुन का सबसे बड़ा अवगुण इसकी बू है। जो लोग लहसुन नहीं ले सकते, वे लहसुन के कैप्सूल ले सकते हैं, जो बाजार में उपलब्ध हैं। लहसुन गुणों का भंडार है, लेकिन कुछ लोगों को नुकसान कर सकता है। इसकी तासीर गर्म होती है। जिनकी पाचन शक्ति कुछ ज्यादा ही गड़बड़ हो, गर्म चीजें खाने से जिनको तकलीफ बढ़ जाती है, उन्हें लहसुन से परहेज करना चाहिए।

शाकाहार पूर्ण पौष्टिक भोजन है

आज की भौतिक दौड़ में हमने अपने खान-पान को भुला दिया है। आज कई लोग मांसाहारी हो गये हैं। संभवत: यही कारण है कि नयी-नयी बीमारियों का जन्म हो गया है। हमारा शरीर प्राकॉतिक तत्वों से मिलकर बना है। अत: मनुष्य को वही जन करना चाहिए, जिसमें सात्विक गुण हो, क्योंकि शरीर किसी बाह्य तत्व का बोझ सहन नहीं कर सकता। अब हमारा पौष्टिक भोजन क्या हो? विशेषज्ञों के अनुसार शाकाहार ही पौष्टिक भोजन है।

शाकाहारी भोजन में उचित मात्रा में शक्तिवर्ध्दक तत्व होते हैं। शाकाहारी भोजन स्वस्थ, सबल और दीर्घायु बनाता है,जबकि मांसाहारी व्याधियों से घिरसे होते हैं। शाकाहार के संबंध में अनेक शोध भी होचुके हैं। इसका परिणाम स्वास्थ्य के लिए सकारात्मक ही पाया गया है। शाकाहारी मांसाहारियों की अपेक्षा सहनशील, शक्तिशाली और परिश्रमी होते हैं। इसके अलावा शाकाहारी भोजन का रासायनिक विश्लेषण मांसाहारी भोजन से कई मायनों में अधिक होता है। जैसे प्रति सौ ग्राम अंडों का विश्लेषण करने पर 13.3 प्रतिशत प्रोटीन, 0 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट्स, 13.3 फैट, 0 प्रतिशत फाइबर, 1.0 प्रतिशत मिनरल्स व 173 कैलोरी ऊर्जा प्राप्त होती है, जबकि प्रति सौ ग्राम सोयाबीन से 43.3 प्रतिशत प्रोटीन, 20.9 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट्स, 19.5 प्रतिशत फैट, 3.7 प्रतिशत फाइबर, 4.6 प्रतिशत मिनरल्स और 432 कैलोरी ऊर्जा प्राप्त होती है। ऐसे प्रति सौ ग्राम बकरे का मांस 21.4 प्रतिशत प्रोटीन, 0 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट्स, 23.6 प्रतिशत फैट, 0 प्रतिशत फाइबर, 1.1 प्रतिशत मिनरल्स, 118 कैलोरी ऊर्जा रखता है, जबकि प्रति सौ ग्राम मोट से 23.6 प्रतिशत प्रोटीन, 56.5 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट, 1.1 प्रतिशत फैट, 4.5 प्रतिशत फाइबर और 330 कैलोरी ऊर्जा प्राप्त होती है।

मछली में है प्रचूर मात्रा में प्रोटिन

इसी प्रकार मछली की अनेक किस्मों में प्रति सौ भाग रासायनिक पौष्टिकता इस प्रकार है- प्रोटीन 8.9 से 76.1 प्रतिशत, फाइबर 0 प्रतिशत, मिनरल्स 0 से 27.5 प्रतिशत और ऊर्जा 59 से 413 कैलोरीज, जबकि मूंगफली व तरबूज के सौ ग्राम बीजों की पोषकता यूं हैं- 26.2 से 34.1 प्रतिशत प्रोटीन, 26.7 से 45 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट्स, 39.8 से लेकर 52.6 प्रतिशत फैट, 0.8 से लेकर 3.1 प्रतिशत फाइबर, 1.6 से लेकर 25 प्रतिशत मिनरल्स और 470 से लेकर 628 कैलोरी ऊर्जा।

हरी सब्जियां में है विटामिन्स की खान

अब देखें फाइबर मांस में बिल्कुल नहीं है, जबकि रोगों से लड़ने की ताकत यही जुटाता है। इसके विपरीत हर शाकाहारी भोजन में फाइबर की उपस्थिति निश्चित है। इसके अतिरिक्त हरी सब्जियां तो विटामिन्स की खान है अगर कुछ विटामिन्स रह भी जाएं तो इसकी पूर्ति, दूध, दही व मक्खन से की जा सकती है। शाकाहार के संबंध में अमेरिका में हुए एक अध्ययन से पता चला है कि जो अमेरिका महिलाएं शाकाहारी होते हैं उन्हें छाती का कैंसर कभी न होने की संभावना होती है। शाकाहार में अंगूर, पपीते व हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन करने वालों को भोजन नली का कैंसर बहुत कम होने का खतरा रहता है। शाकाहार के संबंध में जर्मनी की इंस्टीट्यूट आफ सोशियल मेडिसन एंड एपिडेमिचोलोजी द्वारा भी सर्वेक्षण किये जा चुके हैं।

कैंसर को दूर रखने के लिए शाकाहार अपनायें

कई अध्ययनों से पता चला है कि शाकाहारी लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता मांस खाने वाले लोगों की तुलना में मजबूत होती है। वहीं शाकाहारी लोगों को दिल से जुड़ी बीमारियां, कैंसर और मोटापा जैसी बीमारियां भी कम होती हैं। मांस, अंडे और डेयरी उत्पाद छोड़ देने से कम वसा, कम कोलेस्ट्राल और बहुत पौष्टिक खाना मिलता है। तो चलिये विस्तार से जानें कि शाकाहार कैसे हमें कैंसर व अन्य घातक बीमारियों से दूर रख सकता है।

पौष्टिकता का खजाना है शाकाहार

शाकाहारी भोजन मनुष्य को फ्लू जैसी रोजमर्रा की बीमारियों के साथ कैंसर जैसी घातक बीमारियों को दूर रखने में मदद करता है। एक सर्वे के दौरान मिले तथ्यों के मुताबिक जानकार बताते है कि शरीर के लिए शाकाहारी खाना सबसे अच्छा है। मांस, अंडे और डेयरी उत्पाद छोड़ देने से कम वसा, कम कोलेस्ट्राल और बहुत पौष्टिक खाना मिलता है। सर्वे के मुताबिक शाकाहारी खाने में कोलेस्ट्राल नहीं होता और वसा भी कम होती है और यह कैंसर के खतरे को 40 फीसद कम करता है। शाकाहारी खाने में सोया दूध, अनाज, फल, सब्जियां, बादाम और जूस हमारी रोजमर्रा की विटामिन, कैल्शियम, फोलिक एसिड, प्रोटीन की जरूरतों को पूरा कर सकते हैं। जानकारों का मानना है कि शाकाहारी लोग फ्लू जैसी रोजमर्रा की बीमारियों से जल्दी प्रभावित नहीं होते हैं। मांसाहारी लोगों को शाकाहारी खाना खाने वालों की तुलना में मोटे होने का खतरा नौ गुना ज्यादा होता है।

चुनाव हारने के बाद फिल्म की ओर लौटे निरहुआ...

मुंबई। भोजपुरी इंडस्ट्री के सितारे एक्टर दिनेश लाल यादव यानी निरहुआ ने चुनाव में हारने के बाद सिनेमा की ओर फिर से अपना रुख कर लिया है। उन्होंने हाल ही में एक फिल्म संकल्प की शूटिंग पूरी की। बता दें कि निरहुआ ने आजमगढ़ सीट से चुनाव लड़ा था और हार गए थे। सिनेमा में वापस आने पर निरहुआ ने कहा, एक्टिंग मेरा मुख्य काम है, हमारी पार्टी भी कहती है कि जिस काम से पहचान मिलती है, उसको प्राथमिकता से करते रहना चाहिए। उसके साथ समाज के लिए भी वक्त निकालना चाहिए। जनता के आदेश से मैंने सेवा की और अब फिल्मों के माध्यम से उनका मनोरंजन करूंगा।

लाइफ Style

सामंथा

वेब सीरीज में आदित्य संग आएंगी नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'रक्तबीज' में आदित्य के साथ दक्षिण भारतीय सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु राज एंड डीके की आगामी वेब सीरीज में फिर आदित्य के साथ नजर आ सकती हैं। वह इस सीरीज में जबरदस्त एक्शन करती दिखाई देंगी। यह सामंथा और आदित्य के बीच पहला सहयोग होगा। राज एंड डीके ने निर्देशन की दुनिया में अपनी एक खास जगह बनाई है। ये निर्देशक जोड़ी इससे पहले अभिनेता मनोज बाजपेयी (द फैमिली मैन), सिद्धार्थ मल्होत्रा (ए जेंटलमैन), शाहिद कपूर (फर्जी), राजकुमार राव (गन्स एंड गुलाब्स) के साथ काम कर चुकी है। बॉलीवुड की एक रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि आदित्य ने एक्शन निर्देशक जोड़ी राज एंड डीके के साथ एक प्रोजेक्ट साइन किया है। अगर यह खबर सच हुई तो यह पहली बार होगा जब आदित्य और निर्देशक जोड़ी किसी प्रोजेक्ट में साथ काम करेंगे। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। अभिनेता इसमें एक खिलाड़ी के रूप में दिखाई देंगे। अभिनेता आदित्य रॉय कपूर को आखिरी बार मृणाल ठाकुर के साथ फिल्म 'गुमराह' में देखा गया था। यह फिल्म बीते साल 7 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।

अगर यह खबर सच हुई तो यह पहली बार होगा जब आदित्य और निर्देशक जोड़ी किसी प्रोजेक्ट में साथ काम करेंगे। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। अभिनेता इसमें एक खिलाड़ी के रूप में दिखाई देंगे।

हॉलीवुड मसाला

मौत के समय हो चुके थे दीवालिया

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड के मशहूर पॉप स्टार माइकल जैक्सन किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। जब तक वे जिंदा थे अपनी लग्जरी जिंदगी और विवादित फैसलों की वजह से सुर्खियों में बने रहे। अपनी मौत के बाद भी माइकल जैक्सन का नाम अक्सर चर्चा में शामिल होता ही रहता है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो जब गायक की मौत की मौत हुई थी तब उनपर 500 मिलियन डॉलर का कर्ज था। माइकल जैक्सन पूरी दुनिया में चैरिटी यानी दान देने के लिए मशहूर थे।



नए टीजर में आमने-सामने आए सबर्टूथ और वूल्वरिन...

लॉस एंजिल्स। रयान रेनॉल्ड्स और ह्यू जैकमैन अभिनीत 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' अगले महीने सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। फिल्म के टीजर और ट्रेलर ने दर्शकों के उत्साह को बरकार रखा है। इसी बीच शॉन लेवी के निर्देशन में बनी इस फिल्म का एक और टीजर जारी कर दिया गया है, जिसे देखकर प्रशंसक फूले नहीं समा रहे हैं। टीजर में टायलर माने के किरदार सबर्टूथ और ह्यूज के किरदार वूल्वरिन का आमना-सामना देखने को मिल रहा है। शनिवार को 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' के नए टीजर का अनावरण किया गया, जिसमें रयान रेनॉल्ड्स डेडपूल के रूप में अपनी भूमिका दोहराते नजर आ रहे हैं। टायलर माने, जिन्होंने पहली बार 2000 में मूल एक्स-मेन फिल्म में सबर्टूथ का किरदार निभाया था, खलनायक के रूप में वापस लौटे हैं।

चुनौतीपूर्ण किरदार कर स्क्रीन पर छाईं....

मुंबई। रश्मि देसाई एक ऐसी अभिनेत्री हैं जो सही मायनों में कड़ी मेहनत को परिभाषित और दर्शाती हैं। वह जिस भी प्रोजेक्ट का हिस्सा होती हैं, उसमें हमेशा एक शानदार कलाकार के रूप में सामने आने में सफल रहती हैं। उनके नए प्रोजेक्ट के बारे में बात करें तो फिल्म 'जेएनयू' में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया है। रश्मि देसाई फिल्म में अपने किरदार से हर जगह दिल जीत रही हैं। फिल्म में रश्मि देसाई का किरदार एक लेखिका और जेएनयू की प्रोफेसर निवेदिता मेनन के जीवन पर आधारित है। रश्मि ने मिल रहे प्यार और सराहना पर कहा वास्तविक जीवन के किरदार निभाना हमेशा एक चुनौती होती है क्योंकि दर्शकों के पास हमेशा एक स्मरण बिंदु होता है लेकिन मैं चुनौती के लिए तैयार थी। निर्देशक हमेशा मेरे लिए जहाज का कप्तान होता है।



'सरफिरा' के पोस्टर ने मचाया तहलका

मुंबई। बालीवुड एक्टर अक्षय कुमार की बहुप्रतीक्षित फिल्म सरफिरा के पोस्टर रिलीज के बाद फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया, जिसने इंटरनेट पर तहलका मचा दिया और प्रशंसकों को बेहद उत्साहित कर दिया। वहीं उनके सह-कलाकार परेश रावल ने भी स्टार की प्रशंसा की और एक्स पर लिखा, अक्षय कुमार की बेहतरीन फिल्म। वहीं अक्षय कुमार ने जवाब में कहा, बहुत-बहुत धन्यवाद परेश भाई। आपकी मौजूदगी ने इस फिल्म में बहुत कुछ जोड़ा। 12 साल बाद आपके साथ दोबारा स्क्रीन पर जुड़कर खुशी हुई। अक्षय कुमार और परेश रावल ने पिछले कुछ वर्षों में कुछ आइकोनिक फिल्मों में एक साथ काम किया है। इस फिल्म में अक्षय कुमार, परेश रावल, राधिका मदन और सीमा बिस्वास नजर आएंगे।

टीवी मसाला

छोटे पर्दे से कपिल की छुट्टी करेंगे जाकिर...

नई दिल्ली। कॉमेडी किंग कपिल शर्मा के 'द कपिल शर्मा शो' के दर्शक दीवाने हैं। सभी अपने परिवार के साथ बैठकर इस शो का लुत्फ उठाते थे। हालांकि, अब दर्शकों को टीवी पर कपिल के लौटने का इंतजार है, क्योंकि उन्हें टीवी शो बंद कर नेटफ्लिक्स से दर्शकों को हंसाना शुरू किया है। इस बीच प्रसिद्ध स्टैंअप कॉमेडियन जाकिर खान ने अपने टीवी शो की घोषणा की है। कयास लगा रहे हैं कि वह टीवी पर कपिल की जगह लेने वाले हैं।

'आपका अपना जाकिर' का किया ऐलान : जाकिर ने अपने नए कॉमेडी शो का ऐलान किया है, जिसका नाम 'आपका अपना जाकिर' है। वह इस शो के जरिए टीवी की दुनिया में कदम रखने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यह शो सोनी टीवी पर प्रसारित होगा। निर्माताओं ने कॉमेडियन के साथ मिलकर इसका टीजर भी साझा किया है। वीडियो को साझा करते हुए उन्होंने लिखा, आप देखेंगे। हम देखेंगे। सब देखेंगे 'आपका अपना जाकिर', सिर्फ सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर। बहुत ही जल्द।

जाकिर खान लेंगे कपिल की जगह : 'द कपिल शर्मा शो' का आखिरी एपिसोड पिछले साल जुलाई में प्रसारित हुआ था। प्रशंसक वीकेंड के दिनों में शो का बेसब्री से इंतजार करते थे, लेकिन कपिल ने टीवी पर वापसी नहीं की। ऐसे में 2023 से एक कॉमेडी शो के लिए सोनी पर स्लॉट खाली था। जाकिर के नए शो की शुरुआत के साथ, यह अनुमान लगाया जा रहा है कि टीवी चैनल 'द कपिल शर्मा शो' की जगह 'आपका अपना जाकिर' लेकर आया है।

'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में व्यस्त हैं कपिल

कपिल और उनकी टीम ने टीवी की बजाय ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर जाना चुना और वे फिलहाल अपने शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में व्यस्त हैं। इस शो के अब तक 12 एपिसोड प्रसारित हो चुके हैं और इसी के साथ इसका समापन हो गया। हालांकि, कपिल ने 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के दूसरे सीजन का ऐलान कर दिया है, जो जल्द नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगा। फिलहाल दूसरे सीजन की रिलीज तारीख सामने नहीं आई है।

जाकिर को ऐसे मिली प्रसिद्धि

जाकिर की बात करें तो कॉमेडियन ने साल 2012 में 'कॉमेडी सेंट्रल' में भारत के सर्वश्रेष्ठ स्टैंड-अप कॉमेडियन का खिताब जीतकर लोकप्रियता हासिल की थी। जाकिर लोगों के बीच अपने वीडियो के चलते सुर्खियों में बने रहते हैं। उन्होंने अब तक ओटीटी पर 'हक से सिंगल', 'कक्षा ग्यारवी', 'तथास्तु' और 'मनपसंद' जैसे स्टैंडअप स्पेशल जारी किए हैं। इसके साथ ही जाकिर हाल ही में 'चाचा विधायक हैं हमारे' के तीसरे सीजन में भी नजर आए थे।

नवाजुद्दीन बोले- मेरी शक्ल-सूरत ऐसी थी गरीब नहीं था; बताया क्यों की चौकीदारी...

मुंबई। अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी अपने मन की बात कहने के लिए जाने जाते हैं। उनकी यह बेबाकी उनके प्रशंसकों को खूब भाती है। अक्सर नवाज के बारे में यह कहा जाता है कि वह गरीब हैं और गरीब परिवार से ताल्लुक रखते हैं, लेकिन ऐसा नहीं है। अब उन्होंने खुद यह साफ कर दिया है। एक हालिया इंटरव्यू में अभिनेता ने बताया कि लोग उनकी शक्ल देखकर चक्कर में पड़ जाते थे। उन्हें लगता था कि ये गरीब ही होगा।

संपन्न परिवार का हिस्सा रहे अभिनेता : आपको बता दें कि नवाज बचपन से ही संपन्न परिवार का हिस्सा रहे हैं। वह अपने 8 भाइयों और बहनों में सबसे बड़े हैं। उन्होंने हरिद्वार के गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय से केमिस्ट्री में ग्रेजुएशन की ड्रिग्री हासिल की है। डिग्री करने के बाद वह नौकरी की तलाश में निकले और वड़ोदरा में एक केमिस्ट के रूप में जॉब की। इसके बाद वह दिल्ली पहुंचे और पहली बार थिएटर देखते ही एक्टिंग की ओर झुक गए।

फिल्मों में काम पाने चौकीदारी तक की : फिल्मों में काम खोजने के लिए नवाज ने काफी संघर्ष किया। इस दौरान उन्होंने घर से मदद लेने की जगह आत्मसम्मान को चुना और इसलिए एक समय में चौकीदार की नौकरी भी की। उन्होंने आमिर खान की सुपरहिट फिल्म 'सरफरोश' में एक छोटे से रोल से शुरुआत की, लेकिन इसके बाद उन्हें 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' से असली पहचान मिली। नवाज कभी फिल्मों में छोटा सा किरदार पाने के लिए तरसते थे और आज वह करोड़ों रुपये के मालिक हैं।

'रौतू का राज' में नजर आ रहे नवाज : इन दिनों नवाज क्राइम थ्रिलर फिल्म 'रौतू का राज' में नजर आ रहे हैं, जिसकी कहानी तो कुछ खास नहीं, लेकिन नवाजुद्दीन ने अपनी शानदार अदाकारी से इसे जरूर दिलचस्प बना दिया है। फिल्म में उन्होंने इंस्पेक्टर दीपक नेगी का किरदार निभाया है।

आयरनमैन रेस के लिए जमकर बहा रहीं पसीना

मुंबई। मुंबई की मानसून के बीच भी फिटनेस फ्रीक बॉलीवुड एक्ट्रेस सैयामी खेर आयरनमैन रेस के लिए ट्रेनिंग में जमकर पसीना बहा रही हैं। वह 15 सितंबर को जर्मनी में होने वाली आयरनमैन ट्रायथलॉन में हिस्सा लेंगी। बता दें कि सैयामी एक्टिंग के अलावा रेसिंग के लिए भी जानी जाती हैं। वह दुनिया भर के कई रेसिंग कंपटीशन में हिस्सा ले चुकी हैं। सैयामी ने कहा, मेरी हमेशा से ही स्पोर्ट्स में दिलचस्पी रही है। मैंने दो फुल मैराथन और 20 से ज्यादा हाफ मैराथन में हिस्सा लिया है। इसलिए मेरा अगला लक्ष्य आयरनमैन है। स्पोर्ट्स मुझे दिमागी तौर पर मजबूत बनाता है। यह दिमाग को शांत करने का मेरा तरीका है।

दौड़ना बंद नहीं कर सकती रेस तीन माह बाद

उन्होंने कहा, मैं मुंबई में रहती हूं, और यह मानसून का मौसम है। मैं मौसम के चलते दौड़ना बंद नहीं कर सकती, क्योंकि रेस मात्र तीन महीने दूर है। मौसम मेरी मेहनत में रुकावट नहीं बनेगा। मुझे वास्तव में बारिश में दौड़ना और तैरना पसंद है। मुझे बारिश के मौसम में खाली सड़कें भी पसंद है! सैयामी की ट्रेनिंग में इनडोर और आउटडोर एक्सरसाइज शामिल हैं। वह अपने रनिंग सेशन के लिए बारिश के बावजूद बाहर निकलती हैं जबकि स्ट्रेंथ ट्रेनिंग और साइकिलिंग के लिए इनडोर फैसिलिटी का इस्तेमाल करती हैं।

अंतरिक्ष में गोल-गोल घूमने वाले चांद पर भी जमीन के बन गए मालिक

सुशांत ही नहीं, इन बॉलीवुड-टीवी सितारों के पास भी है चांद पर जमीन

मुंबई। सिनेमा की दुनिया के सितारों के बीच देश-विदेश में जमीन खरीदना आम बात है। बहुत से सितारों ने विदेशों में करोड़ों रुपये निवेश कर आलीशान बंगले खरीदे हैं। आश्चर्य की बात यह है कि अब बॉलीवुड और टीवी जगत के कुछ सितारे धरती पर ही नहीं, बल्कि अंतरिक्ष में गोल-गोल घूमने वाला चांद पर भी जमीन के मालिक बन गए हैं। आज हम सिनेमा जगत के ऐसे सितारों के बारे में बताएंगे जिन्होंने चांद पर जमीन खरीदी है।

सुशांत सिंह राजपूत : अंतरिक्ष और तारों के लिए दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत का प्यार किसी से छिपा नहीं है। वह धरती के बाहर की दुनिया के बारे में जानने के लिए हमेशा उत्सुक रहते थे। उन्होंने इसी उत्सुकता के चलते साल 2018 में चांद पर एक जमीन खरीदी थी। अभिनेता ने चांद के दूसरी तरफ एक जमीन का टुकड़ा खरीदा था, जिसे मैरे मुस्कोविएन्से या 'सी ऑफ मस्कॉवी' कहा जाता है। रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने जमीन 55 लाख रुपये में खरीदी थी।

अंकित गुप्ता : टीवी की दुनिया में 'उडारियां' और 'सड्डा हक' जैसे सीरियल से धमाल मचाने वाले अंकित गुप्ता को प्रसिद्धि सलमान खान के रियलिटी शो 'बिग बॉस 16' से मिली थी। अंकित के पास भी चांद पर जमीन का एक टुकड़ा है। यह उन्होंने अपने आप नहीं खरीदी बल्कि यह उन्हें एक फैन ने तोहफे में दी थी। इसकी कीमत के बारे में कोई जानकारी नहीं है।

प्रियंका चाहर चौधरी : टीवी अभिनेत्री प्रियंका चाहर चौधरी भी चांद पर जमीन के एक टुकड़े की मालकिन हैं। अंकित की तरह ही उन्हें भी यह उपहार में मिली है। दअरसल, रियलिटी शो 'बिग बॉस 16' से बाहर निकलने के बाद उनके एक उत्साही प्रशंसक ने उन्हें चांद पर 1 एकड़ जमीन उपहार में दी थी। बता दें, प्रियंका ने 'उडारियां' में काम किया है। वह 'बिग बॉस 16' के फाइनल में पहुंचे 3 प्रतियोगियों में से एक थीं।



शाहरुख खान : शाहरुख खान के पास भी चांद पर एक जमीन है। साल 2009 में शाहरुख ने खुलासा किया था कि ऑस्ट्रेलिया की एक महिला हर साल उनके जन्मदिन पर उनके लिए थोड़ी सी जमीन खरीदती है। शाहरुख की जमीन को 'सी ऑफ ट्रैंक्विलिटी' कहा जाता है। एक रिपोर्ट के अनुसार, 1 एकड़ जमीन की कीमत लगभग 37.50 अमेरिकी डॉलर यानी 31.25 करोड़ रुपये है। तब से सुपरस्टार को कई एकड़ जमीन उपहार में दी जा चुकी है।

खबर संक्षेप

वैश्विक रुख से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

नई दिल्ली। घरेलू मोर्चे पर वृहद आर्थिक आंकड़े, वैश्विक रुख और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों से इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों का कहना है कि बीते सप्ताह रिकॉर्ड तेजी के बाद ऊंचे मूल्यांकन की वजह से इस हफ्ते बाजार में उतार-चढ़ाव रह सकता है।

भारत बन जाएगा तीसरा सबसे बड़ा वैश्विक बाजार

नई दिल्ली। जापानी उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी सोनी को उम्मीद है कि भारत अगले दो वर्षों में उसके घरेलू बाजार से आगे निकल जाएगा और कंपनी के लिए वैश्विक स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा बाजार बन जाएगा। कंपनी को इस समय तक भारत में राजस्व 10,000 करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है।

मुंबई में संपत्तियों का पंजीकरण बढ़ा

नई दिल्ली। मुंबई नगरपालिका क्षेत्र में संपत्तियों का पंजीकरण जून में सालाना आधार पर 12 प्रतिशत बढ़कर 11,575 इकाई रहा है। रियल एस्टेट सलाहकार नाइट फ्रैंक ने यह जानकारी दी है। महाराष्ट्र सरकार के पोर्टल से रियल एस्टेट सलाहकार नाइट फ्रैंक द्वारा मुंबई शहर में जून में 11,575 इकाइयों का पंजीकरण हुआ, जबकि पिछले साल इसी महीने में 10,319 इकाइयों का पंजीकरण हुआ था।

स्कोडा के लिए भारत सबसे महत्वपूर्ण बाजार

प्राग। कार विनिर्माता कंपनी स्कोडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी क्लॉस जेलमर ने कहा है कि कंपनी के लिए भारत यूरोप के बाहर सबसे महत्वपूर्ण बाजार है। उन्होंने कहा कि भारत में स्कोडा नए मॉडल लाने की तैयारी में है, बिक्री नेटवर्क का विस्तार कर रही है तथा कारोबार बढ़ाने के लिए साझेदारी करने पर भी विचार कर रही है।

पंजाब एंड सिंध बैंक की 2,000 करोड़ जुटाने की योजना

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब एंड सिंध बैंक ने कारोबार वृद्धि के लिए योग्य संस्थागत नियोजन के जरिए चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में 2,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बनाई है। पंजाब एंड सिंध बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी स्वरूप कुमार साहा ने कहा, निदेशक मंडल ने पहले ही मंजूरी दे दी है।

आवास बिक्री में 85 प्रतिशत वृद्धि का लक्ष्य

नई दिल्ली। रियल्टी फर्म सत्वा समूह भारत के आवास बाजार को लेकर उत्साहित है और उसने चालू वित्त वर्ष में आवासीय संपत्तियों की बिक्री में 85 प्रतिशत वृद्धि का लक्ष्य तय किया है। कंपनी ने कहा कि इस लक्ष्य को हासिल करके पर उसकी कुल बिक्री लगभग 6,500 करोड़ रुपये होगी।बेंगलुरु स्थित सत्वा समूह ने 2023-24 में 3,500 करोड़ रुपये की बिक्री बुकिंग हासिल की। सत्वा समूह के प्रबंध निदेशक विजय अग्रवाल ने कहा, ''हम आवास की मांग को लेकर बहुत उत्साहित हैं।

आज से होने वाले हैं बड़े बदलाव, सीधे आपकी जेब पर हो सकता है असर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जुलाई में ऐसे कई बदलाव होने वाले हैं जिनका असर आपकी जेब पर हो सकता है। इसलिए इनके बारे में जानना आपके लिए जरूरी हो जाता है।

जुलाई में पूर्ण बजट पेश किया जाना है। इससे लोगों को काफी उम्मीदे हैं। सैलरी क्लास का मानना है कि इस टैक्स छूट की ब्रेकेट को बढ़ाया जा सकता है। इसी तरह आईटीआर फाइलिंग, म्यूचुअल फंड और क्रेडिट कार्ड्स से जुड़े बदलाव भी अगले महीने होने वाले हैं।

जुलाई में केंद्र सरकार पेश करेगी पूर्ण बजट

इनकम टैक्स रिटर्न

अगले महीने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने की अंतिम तिथि है। इसकी आखिरी तारीख 31 जुलाई है। जानकार का कहना है कि अंतिम क्षणों का इंतजार किए बिना पहले ही रिटर्न फाइल कर देना चाहिए। बाद में वेबसाइट में ग्लिच के कई मामले में आते हैं जिससे रिटर्न फाइल करना मुश्किल हो जाता है।

वैकल्पिक नॉमिनेशन : सेबी ने नॉमिनेशन नहीं देने वाले डीमेट अकाउंट और म्यूचुअल फंड पोर्टफोलियो का अकाउंट फ्रीज नहीं करने का फैसला लिया है। पिछले साल दिसंबर में 30 जून तक का टाइम दिया गया था ताकि लोग अपना नॉमिनेशन फाइल कर लें, वरना उनका खाता फ्रीज हो सकता था. हालांकि, अब यह वैकल्पिक कर दिया गया है।

येस बैंक क्रेडिट कार्ड लाउंड एक्सेस पॉलिसी

अगर येस बैंक के क्रेडिट कार्ड होल्डर्स 1 तिमाही में 35000 रुपये से ज्यादा खर्च करते हैं तो उन्हें कॉम्प्लिमेंट्रीडोमेस्टिक लाउंज एक्सेस मिल सकता है। एक तिमाही में किए गए खर्च का कॉम्प्लिमेंट्री लाउंज एक्सेस अगली तिमाही में मिलेगा।

टैक्स में छूट देने की मांग

जुलाई में केंद्र सरकार पूर्ण बजट पेश करेगी। इस बजट से लोगों को उम्मीद है कि टैक्स में छूट का दायरा बढ़ा दिया जाएगा। अभी नई टैक्स प्रणाली में टैक्स रिबेट के कारण जरूर 7 लाख रुपये की कमाई तक आपको टैक्स नहीं देना पड़ता लेकिन लोग दोनों ही प्रणाली बेसिक एग्जंप्शन को बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। इसके अलावा मेडिकल इंश्योरेंस के कारण मिलने वाली टैक्स छूट को भी 25000 रुपये से बढ़ाकर 50,000 रुपये करने की मांग है।

सिटीबैंक से एक्सिस क्रेडिट काइर्स

इस महीने सिटी क्रेडिट कार्ड माइग्रेट होकर एक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड हो जाएंगे. यह बदलाव 15 जुलाई तक पूरा कर लिया जाएगा। एक्सिस बैंक माइग्रेट होने वाले ग्राहकों के लिए पहले ही कई क्रेडिट काइर्स लॉन्च कर चुका है जो कमोबेश पुरानी वाली सारी सुविधाएं क्रेडिट कार्ड होल्डर्स को दे रहे हैं।

पीएम मोदी ने मन की बात में महिलाओं के योगदान को सराहा

केरल की छतरी लोकल के लिए वोकल का बेस्ट उदाहरण, जी-20 में छाई रही अराकू कॉफी

▶▶| नई दिल्ली

पीएम मोदी ने आज मन की बात कार्यक्रम को संबोधित किया। यह लोकसभा चुनावों में जीत के बाद और अपने तीसरे कार्यकाल का यह पहला मन की बात कार्यक्रम था। उन्होंने अपने संबोधन में लघु उद्योग में अपना योगदान दे रही महिलाओं का जिक्र किया।

पीएम मोदी ने इसके बाद वोकल फॉर लोकल की भी बात की। उन्होंने केरल में मिलने वाले खास तरह के छातों के बारे में भी बताया। इसके अलावा उन्होंने देशवासियों से पेड़ लगाने की भी अपील की। इसी दौरान पीएम ने आंध्र प्रदेश में उपजाए जाने वाले अराकू कॉफी का भी जिक्र किया।



नायडू के साथ पहली बार चखी थी

बता दें कि यह एक खास तरह की कॉफी है जो 2023 के जी20 समिट के दौरान भी छाई हुई थी। भारत सरकार ने इसे हाल ही में ज्योग्राफिकल इंडिकेशन यानी जीआई टैग भी दिया है। पीएम मोदी ने आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू के साथ विशाखापत्तनम में अराकू कॉफी का स्वाद चखा था। आखिर अराकू कॉफी इतना खास क्यों है और पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कॉफी की इस वैरायटी का जिक्र क्यों किया?

अराकू घाटी के नाम पर मिली पहचान

अराकू कॉफी को यह नाम आंध्र प्रदेश में गहरी हरी-भरी अराकू घाटी के नाम पर दिया गया है। यह अरेबिका कॉफी की एक प्रजाति की है जो मूल रूप से इथियोपिया के दक्षिण-पश्चिमी हाइलैंड्स के जंगलों की देसी किस्म है। अराकू घाटी का मौसम अपने गर्म दिन और ठंडी रातों के साथ-साथ लोहे की समृद्ध मिट्टी के लिए भी लोकप्रिय है जो कॉफी की फसल को धीरे-धीरे पकने में मदद करती है, जिससे कॉफी को सुगंधित स्वाद मिलता है।

खास जगह में ऊगती है अराकू कॉफी

भारत में इसकी खेती आंध्र प्रदेश में विशाखापत्तनम और उड़ीसा के कोरापुट जिले के आसपास के इलाकों में की जाती है। ये क्षेत्र कॉफी की खेती के लिए आवश्यक जलवायु और ऊंचाई प्रदान करते हैं। अराकू कॉफी की अच्छी फसल के लिए 1250 से 1500 मिमी की औसत बारिश के साथ हवा में 68 से 92 प्रतिशत के बीच की नमी की जरूरत होती है।

समिट नेताओं को भेंट की गई थी कॉफी : भारत में आयोजित 2023 जी 20 समिट में नेताओं और मेहमानों को उपहार में असम चाय, रेड गोल्ड केसर और मैग्नोव शहद के साथ-साथ अराकू कॉफी भी भेंट की गई थी। प्रसिद्ध स्पेशियलिटी कॉफी एसोसिएशन से जुड़े स्वतंत्र, पेशेवर कपर्स द्वारा अराकू कॉफी को 100 में से 90 अंक दिए गए हैं, जो भारतीय कॉफी के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। बता दें कि महिंद्रा एंड महिंद्रा के चेयरमैन और उद्योगपति आनंद महिंद्रा अराकू कॉफी बोर्ड के भी चेयरमैन हैं।

ईपीएफओ से जुड़ने वाले सदस्यों की संख्या घटी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के नए सदस्यों की कुल संख्या बीते वित्त वर्ष (2023-24) में चार प्रतिशत घटकर 1.09 करोड़ रही है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

ईपीएफओ की 'भारत में पेरोल रिपोर्टिंगः एक रोजगार परिप्रेक्ष्य-जनवरी से अप्रैल, 2024' रिपोर्ट के अनुसार, ईपीएफओ ने 2022-23 में कुल 1,14,98,453 नए सदस्य जोड़े थे। यह संख्या 2023-24 में घटकर 1,09,93,119 रह गई है।

महामारी के कारण ईपीएफओ से जुड़ने वाले नए सदस्यों की कुल संख्या में 2020-21 में गिरावट आई थी और यह 85,48,898 रही थी। इससे पिछले वित्त वर्ष यानी 2019-20 में ईपीएफओ से 1,10,40,683 नए सदस्य जुड़े थे। 2021-22 में ईपीएफओ से जुड़ने वाले नए सदस्यों की संख्या 1,08,65,063 रही थी। देश में कोरोना वायरस महामारी के प्रसार को रोकने के लिए केंद्र और राज्यों ने 2020 और 2021 में लॉकडाउन लगाया था, जिससे आर्थिक गतिविधियों के साथ-साथ रोजगार भी प्रभावित हुआ था। आंकड़ों से पता चलता है कि 2023-24 तक पिछले पांच वित्तीय वर्षों में, ईएफपीओ द्वारा जोड़े गए कुल नए सदस्य 2018-19 के पूर्व-कोविड स्तर तक नहीं पहुंचे थे।

1,39,44,349 नए सदस्य जुड़े

2018-19 में ईपीएफओ से कुल 1,39,44,349 नए सदस्य जुड़े थे। अप्रैल, 2018 से मंत्रालय सितंबर, 2017 के बाद की अवधि को कवर करते हुए संगठित क्षेत्र के रोजगार संबंधी आंकड़े जारी कर रहा है। इसमें तीन प्रमुख योजनाओं कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ), कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) और राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) से जुड़ने वाले सदस्यों की जानकारी ली जाती है। रिपोर्ट से यह भी पता चलता है कि कर्मचारी राज्य बीमा निगम के सदस्यों की सकल वृद्धि भी 2022-23 के 1,67,73,023 से घटकर 2023-24 में 1,67,60,672 रह गई है।

हालांकि, रिपोर्ट के अनुसार, एनपीएस के तहत नए सदस्यों की संख्या 2022-23 के 8,24,735 से बढ़कर 2023-24 में 9,37,020 हो गई।

एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजारों में 26,565 करोड़ डाले

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लगातार दो माह की बिकवाली के बाद विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) जून में भारतीय शेयर बाजारों में एक बार फिर लिवाल बन गए हैं। शेयर बाजारों में जोरदार तेजी के बीच जून में एफपीआई ने शुद्ध रूप से 26,565 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे हैं।

वॉटरफील्ड एडवाइजर्स के निदेशक विपुल भोवर ने कहा, 'आगे चलकर उनका ध्यान धीरे-धीरे बजट और चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के नतीजों की ओर स्थानांतरित होगा। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने जून में भारतीय शेयर बाजार शुद्ध रूप से 26,565 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इससे पहले मई में चुनावी नतीजों को लेकर असमंजस के बीच एफपीआई ने शेयरों से 25,586 करोड़ रुपये निकाले थे। मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव और अमेरिका में बॉन्ड प्रतिफल में वृद्धि की चिंता के बीच अप्रैल में भी एफपीआई ने 8,700 करोड़ रुपये से अधिक के शेयर बेचे थे। इससे पहले, एफपीआई ने मार्च में शेयरों में 35,098 करोड़ रुपये और फरवरी में 1,539 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया था, जबकि जनवरी में उन्होंने 25,743 करोड़ रुपये निकाले थे।

भाजपा को अपने बल पर बहुमत नहीं मिलने के बावजूद राजनीतिक स्थिरता और स्थिर घरेलू संस्थागत निवेशकों की खरीदारी और आक्रामक खुदरा खरीदारी से बाजारों में तेज उछाल ने एफपीआई को लिवाल बनने के लिए मजबूर किया है।

एफपीआई का प्रवाह तेज बनने के कारण

फिडेलफोलियो के स्मॉलकेस प्रबंधक और संस्थापक किसलय उपाध्याय ने कहा, 'सरकार की स्थिरता का भरोसा, जीडीपी के मोर्चे पर अच्छे प्रदर्शन, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में स्थिरता और बैंकिंग क्षेत्र की सेहत मजबूत होने की वजह से एफपीआई का प्रवाह तेज बना रहेगा। आंकड़ों के अनुसार, इसके अलावा, एफपीआई ने जून में ऋण या बॉन्ड बाजार में 14,955 करोड़ रुपये डाले हैं। 2024 में अबतक बॉन्ड बाजार में एफपीआई का निवेश 68,624 करोड़ रुपये रहा है।

निसान बंद करेगी स्पोर्ट्स कार का प्रोडक्शन, पेश करेगी दो नए एडिशन

नई दिल्ली। अमेरिकी ऑटो कंपनी निसान ने अपनी आर35 जीटी-आर स्पोर्ट्स कार का प्रोडक्शन बंद करने का फैसला लिया। कंपनी ने पुष्टि की है कि इस मॉडल को अक्टूबर में पूरी तरह वापस ले लिया जाएगा। यह कार 17 साल से बनाई जा रही थी और उत्तरी अमेरिका उन आखिरी बाजारों में से एक था जहां यह अभी भी बिक्री पर थी। भारत और यूरोप में इसे 2022 में ही बंद कर दिया गया था। अब निसान यूएसए इस कार को विदाई देने के लिए 2 स्पेशल वेरिएंट-स्काईलाइन और ताकुमी एडिशन पेश कर रहा है, जिन्हें इस साल की शुरुआत में सामने लाया गया था। इसे हमेशा दैनिक उपयोग की स्पोर्ट्स कार के तौर पर याद किया जाएगा।

गेल की ऊर्जा गंगा पाइपलाइन अगले साल मार्च तक पूरी होगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश के पूर्वी हिस्सों में पर्यावरणानुकूल ईंधन पहुंचाने की देश की सबसे महत्वाकांक्षी 12,940 करोड़ रुपये की 'ऊर्जा गंगा' गैस पाइपलाइन परियोजना के निर्माण में नौ महीने की देरी होगी और अब इसका निर्माण मार्च, 2025 तक पूरा होगा। सार्वजनिक क्षेत्र की गेल (इंडिया) लिमिटेड ने यह जानकारी दी है। गेल ने शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा कि 3,306 किलोमीटर लंबी जगदीशपुर-हल्दिया-बोकारो-धामरा पाइपलाइन को मूल रूप से जून, 2024 तक पूरा किया जाना था। लेकिन उपयोग के अधिकार की उपलब्धता में देरी के कारण इस परियोजना के पूरा होने का समय संशोधित कर जून, 2024 से मार्च, 2025 कर दिया गया है। ज्यादातर पाइपलाइन का निर्माण पहले ही हो चुका है, और मार्ग के अधिकांश शहरों में गैस का प्रवाह शुरू हो गया है।

खानपान के बाद शादी में सबसे ज्यादा खर्च करते हैं भारतीय : रिपोर्ट

नई दिल्ली। भारतीय विवाह उद्योग का आकार लगभग 10 लाख करोड़ रुपये है, जो खाद्य और किराना के बाद दूसरे स्थान पर है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी देते हुए कहा गया कि आम हिंदुस्तानी शिक्षा की तुलना में विवाह समारोह पर दोगुना खर्च करते हैं। भारत में सालाना 80 लाख से एक करोड़ शादियां होती हैं, जबकि चीन में 70-80 लाख और अमेरिका में 20-25 लाख शादियां होती हैं। ब्रोकरेज फर्म जेफरीज ने एक रिपोर्ट में कहा, ''भारतीय विवाह उद्योग अमेरिका (70 अरब अमेरिकी डॉलर) के उद्योग के आकार का लगभग दोगुना है। हालांकि, यह चीन (170 अरब अमेरिकी डॉलर) से छोटा है।''

- जून, 2024 में पांच लाख टन सूरजमुखी तेल का आयात किया गया जबकि घरेलू औसत खपत प्रति माह 2.50 लाख टन है

बीते सप्ताह सोयाबीन तेल-तिलहन और पाम, पामोलीन में गिरावट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में कम आवक के कारण सरसों तेल-तिलहन और नगण्य स्टॉक के बीच बिनौला तेल के दाम मजबूत रहे।

पिछले सत्र में मूंगफली की पैदावार घटने के बीच माल की कमी की वजह से मूंगफली तेल-तिलहन के दाम भी मजबूत हो गये। दूसरी ओर विदेशों में मजबूती के बावजूद स्थानीय मांग कमजोर रहने के कारण कच्चा पामतेल, पामोलीन दिल्ली एवं कांडला तथा सोयाबीन तेल-तिलहनों के दाम में गिरावट देखने को मिली। बाजार सूत्रों ने कहा कि जून, 2024 में पांच लाख टन सूरजमुखी तेल का आयात किया गया जबकि घरेलू औसत खपत प्रति माह 2.50 लाख टन ही है। इस जरूरत से अधिक सस्ते आयात की वजह से बाकी तेल- तिलहनों पर दबाव बढ़ गया।

वायदा और हाजिर कारोबार से कम दाम : मांग कमजोर रहने की वजह से वायदा और हाजिर कारोबार में यही तेल आयात लागत से नीचे दाम पर बिक रहा है। सूत्रों ने बताया कि सरसों की आवक पिछले सप्ताह के लगभग पांच लाख बोरी से घटकर समीक्षाधीन सप्ताहांत में लगभग साढ़े तीन लाख बोरी रह गई। कच्ची घानी वाली बड़ी कंपनियों के बीच अच्छी गुणवत्ता वाले सरसों की मांग भी है। उनकी पाइपलाइन भी खाली है। बरसात और जाड़े के मौसम में सरसों की मांग भी अधिक होती है जिस वजह से सरसों तेल-तिलहन में सुधार है।

मंजूरी साल 2024 के अंत में मिलने की उम्मीद

बैंकों में होगा 5 दिन काम, आईबीए व यूनियनों में समझौता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बैंक कर्मचारी लंबे समय से पांच दिन वर्किंग की मांग कर रहे हैं। ऐसी उम्मीद है कि उनकी मांग इस साल के अंत तक पूरी हो सकती है। बैंक कर्मचारियों की हफ्ते में 2 दिन छुट्टी को लेकर भारतीय बैंक संघ और कर्मचारी यूनियनों के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर हो चुके हैं।

अब इस समझौते पर सरकार से मंजूरी मिलना बाकी है। ये मंजूरी साल 2024 के अंत में मिलने की उम्मीद है। ऐसा हो सकता है कि दिसंबर तक बैंक कर्मचारियों को हफ्ते में सिर्फ 5 दिन काम करना होगा।

सरकार से मंजूरी मिलने का इंतजार

फोरम ने आश्वासन दिया है कि इससे ग्राहक सेवा के घंटों में कमी नहीं होगी। इसके बाद दिसंबर 2023 में भारतीय बैंक संघ के बीच एक मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर हस्ताक्षर किए गए, जिसमें सरकारी और प्राइवेट बैंक और बैंक यूनियन दोनों शामिल हैं। इस समझौते में 5 दिन वर्किंग का प्रस्ताव शामिल था, जो सरकार की मंजूरी के अधीन था। इसके बाद 8 मार्च 2024 को आईबीए और बैंक यूनियनों के 9वें ज्वाइंट नोट पर हस्ताक्षर किए गए।

इस टाइम खुलेगी ब्रांच : रिपोर्ट्स के मुताबिक अगर सरकार 5 डे वर्किंग को मंजूरी देती है तो रोजाना के काम के घंटों में 40 मिनट बढ़ाए जा सकते हैं। बैंकों का काम 40 मिनट बढ़ने से सुबह 9:45 बजे से शाम 5:30 बजे तक हो जाएगा।

बदल जाएंगे ये नियम

हालांकि, कुछ बैंक कर्मचारियों बताया कि उन्हें इस साल के अंत या 2025 की शुरुआत में सरकार के नोटिफिकेशन आने की उम्मीद है। एक बार मंजूरी मिलने के बाद शनिवार को सेक्शन 25 के तहत आधिकारिक तौर पर छुट्टियों के रूप में मान्यता दी जाएगी।

फिलहाल दो शनिवार को बंद रहते हैं बैंक

फिलहाल बैंक शाखाएं दूसरे और चौथे शनिवार को बंद रहती हैं। बैंक यूनियन 2015 से सभी शनिवार और रविवार को छुट्टी की मांग कर रही हैं। 2015 में हस्ताक्षरित 10वें द्विपक्षीय समझौते के तहत आरबीआई और सरकार ने आईबीए के साथ सहमति व्यक्त की और दूसरे और चौथे शनिवार को छुट्टियों के रूप में घोषित किया।

भारतीय अर्थव्यवस्था स्थिर ऊंची वृद्धि दर के चरण के लिए तैयार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के सदस्य शशांक भिड़े ने कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था संभावित रूप से स्थिर उच्च वृद्धि के चरण के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि आज देश जिन महत्वपूर्ण जोखिमों का सामना कर रहा है उनको लेकर भी देश की अर्थव्यवस्था बेहतर स्थिति में है।

भिड़े ने कहा कि आमदनी में वृद्धि से घरेलू मांग को समर्थन मिलेगा और पिछले कुछ वर्षों में निवेश व्यय के उच्चस्तर से उत्पादन या आपूर्ति क्षमता में वृद्धि हो रही है जिससे घरेलू आर्थिक गतिविधियों की रफ्तार बरकरार रहने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, 'वृद्धि की गति और मुद्रास्फीति के रुख से पता चलता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था संभावित रूप से स्थिर उच्च वृद्धि के चरण के लिए तैयार है। हमारी अर्थव्यवस्था सामने मौजूद महत्वपूर्ण जोखिमों के संदर्भ में भी मजबूत स्थिति में है।''

बीते वित्त वर्ष 2023-24 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि का आधिकारिक अनुमान 8.2 प्रतिशत है, जो इससे पिछले वित्त वर्ष के सात प्रतिशत से कहीं अधिक है।

बाबा बर्फानी के दर्शन करने से होती हैं मनोकामनाएं पूरी

बम-बम भोले के जयकारों के साथ तीसरा जत्था रवाना

3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है गुफा मंदिर में बाबा का दरबार

अमरनाथ तीर्थयात्रियों में उत्साह देखा जा रहा है। काफी संख्या में लोग रविवार को भी दर्शन के लिए निकले। सरकार की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

एजेंसी ▶▶ जम्मू

अमरनाथ यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों का तीसरा जत्था आज रविवार सुबह जम्मू से सुरक्षा काफिले में घाटी के लिए रवाना हुआ।

6619 यात्रियों का तीसरा जत्था 319 वाहनों के दो सुरक्षा काफिले में जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से कश्मीर घाटी के लिए रवाना हुए। 6619 यात्रियों में से 3,838 यात्री सुबह 4 बजे वाहनों में सवार होकर पहलगाम आधार शिविर के लिए रवाना हुए, जबकि 2,781 यात्री सुबह 4.30 बजे वाहनों में सवार होकर बालटाल आधार शिविर के लिए रवाना हुए। दोनों काफिलों को सुरक्षा बलों द्वारा सुरक्षा प्रदान की जा रही है। इस वर्ष की यात्रा के दौरान 7000 से अधिक सेवादार स्वयंसेवक तीर्थयात्रियों की सेवा कर रहे हैं। यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए रेलवे ने 3 जुलाई से अतिरिक्त ट्रेनें जोड़ने का फैसला किया है। दोनों मार्गों पर तीर्थयात्रियों के लिए हेलीकॉप्टर सेवाएं भी उपलब्ध हैं।

अब तक 14 हजार लोगों ने किए दर्शन

अधिकारियों ने बताया कि 52 दिन की वार्षिक अमरनाथ यात्रा के पहले दिन, करीब 14,000 तीर्थयात्रियों ने 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित गुफा मंदिर में बाबा बर्फानी के दर्शन किए। यह यात्रा अनंतनाग में पहलगाम और गंदेरबल जिले में बालटाल मार्ग से शुरू हुई।

पीएम मोदी ने दी शुभकामनाएं

इससे पहले पीएम मोदी आज रविवार को मन की बात के 111 वें एपिसोड में अमरनाथ यात्रा पर गए सभी श्रद्धालुओं को अपनी शुभकामनाएं दी उन्होंने बाबा बर्फानी से सबके कल्याण के लिए प्रार्थना की और आशा की कि सभी सुरक्षित पूर्वक अपनी यात्रा सम्मन्न करें।

सड़क हादसा: अमरनाथ यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों को ले जा रही वैन दुर्घटनाग्रस्त, कई श्रद्धालु घायल

जम्मू। दक्षिण कश्मीर के पहलगाम के चंदनवारी इलाके में रविवार को तीर्थयात्रियों से भरी एक वेन दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में कई श्रद्धालुओं के घायल होने की सूचना है। सभी अमरनाथ यात्रा पर जा रहे थे। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने बताया, अमरनाथ यात्रियों को ले जा रही एक वैन चंदनवारी के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। कुछ तीर्थयात्रियों के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। वहीं हादसे के बाद बीएसएफ क्यूआरटी ने घायलों को इलाज के लिए तुरंत पास के अस्पताल पहुंचाया। बीएसएफ जवानों की समय पर सक्रियता से तीर्थयात्रियों की जान बच गई। इस साल 52 दिन तक चलने वाली अमरनाथ यात्रा 29 जून को शुरू हुई थी और 19 अगस्त को रक्षा बंधन के त्यौहार के साथ समाप्त होगी। यात्री 48 किलोमीटर लंबे पारंपरिक पहलगाम-गुफा तीर्थ मार्ग से या फिर 14 किलोमीटर लंबे बालटाल-गुफा तीर्थ मार्ग से यात्रा करते हैं।

52 दिन चलेगी अमरनाथ यात्रा

इस साल 52 दिन तक चलने वाली अमरनाथ यात्रा 29 जून को शुरू हुई थी और 19 अगस्त को रक्षा बंधन के त्यौहार के साथ समाप्त होगी। यात्री 48 किलोमीटर लंबे पारंपरिक पहलगाम-गुफा तीर्थ मार्ग से या फिर 14 किलोमीटर लंबे बालटाल-गुफा तीर्थ मार्ग से यात्रा करते हैं। अब तक 13 हजार से ज्यादा तीर्थयात्री अमरनाथ यात्रा कर चुके हैं। समुद्र तल से 3,880 मीटर ऊपर स्थित गुफा मंदिर में बर्फ की एक संरचना है जो चंद्रमा की कलाओं के साथ घटती-बढ़ती रहती है। भक्तों का मानना है कि बर्फ की यह संरचना भगवान शिव की पौराणिक शक्तियों का प्रतीक है।

खबर संक्षेप

41 साल बाद प्रधानमंत्री का होगा वियना दौरा

नई दिल्ली। कूटनीति के लिहाज से जुलाई का दूसरा हफ्ता बेहद अहम रहने वाला है। इस दौरान 3 और 4 जुलाई को अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक होगी। वहीं 8 से 10 जुलाई तक देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो देशों की यात्रा पर होंगे। प्रधानमंत्री के रूप में लगातार तीसरी बार कार्यभार संभालने के बाद यह उनकी पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी। खास बात यह होगी कि 1983 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के बाद वियना जाने वाले नरेंद्र मोदी ऐसे दूसरे प्रधानमंत्री होंगे। विदश मंत्रालय के सूत्रों का कहना है कि पीएम नरेंद्र मोदी अगले महीने रूस में व्लादिमीर पुतिन के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद वियना के लिए रवाना होंगे।

इजराइल ने गाजा में किया हमला, 40 की मौत

गाजा। इजराइल और हमास के बीच जंग थमने का नाम नहीं ले रही है। यहां गाजा पट्टी में पिछले 24 घंटों के दौरान इजराइली हमलों में कम से कम 40 फिलिस्तीनी मारे गए और 224 अन्य घायल हो गए। कुल फिलिस्तीनी मौतों की संख्या अब 37,834 हो गई है। अक्टूबर 2023 से फिलिस्तीनी-इजराइल संघर्ष शुरू होने के बाद से 86,858 लोग घायल हुए हैं। इजराइली बलों और फिलिस्तीनी सशस्त्र गुटों के बीच झड़पों के कारण बचाव दलों को कई बाधाओं का सामना करना पड़ा था।

हिज्ब उत तहरीर पर शिकंजा : आरोपी गुप्त सेंटर संचालित कर रहे थे

तमिलनाडु में दस जगहों पर एनआईए का छापा, 2 गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने रविवार सुबह तमिलनाडु में एक साथ कई ठिकानों पर छापेमारी की। दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान अब्दुल रहमान और मुजीबुर रहमान उर्फ मुजीबुर रहमान अल्थम साहिब के रूप में हुई है, दोनों तंजावुर जिले के रहने वाले हैं। एनआईए की जांच में पता चला है कि वे युवाओं को कट्टरपंथी विचारधाराओं में ढालने, लोकतंत्र और भारतीय संविधान, कानून और न्यायपालिका आदि को इस्लाम विरोधी के रूप में प्रचारित करने के लिए गुप्त सेंटर संचालित करने में शामिल थे। यह छापेमारी हिज्ब उत तहरीर मामले में की गई है। यह छापा अंतरराष्ट्रीय इस्लामी संगठन हुत के छह सदस्यों की मई में गिरफ्तारी के बाद किया गया है। बता दें कि सभी को चुनाव और लोकतंत्र के खिलाफ दुष्प्रचार जैसी राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के लिए गिरफ्तार किया गया था।

यह मामला, शुरू में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम, 1967 की धारा 13(1)(बी) के कई आरोपों के तहत मदुरै शहर के थिदीर नगर पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया था. मुख्य संदिग्ध, मोहम्मद इकबाल ने कथित तौर पर अपने फेसबुक अकाउंट, थुंगा विझिगल रेंडू काजीमार स्ट्रीट में है का इस्तेमाल ऐसी सामग्री पोस्ट करने के लिए किया, जो एक विशेष समुदाय को बदनाम करती थी।

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने तमिलनाडु में एक साथ कई ठिकानों पर छापेमारी की। यह छापेमारी हिज्ब उत तहरीर मामले में केस में हुई है। मालूम हो कि साल 2021 में एनआई ने मदुरै से हिज्ब उत तहरीर मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया था।

केरल के विभिन्न जिलों में नए सेल स्थापित

बावा बहरुदीन और जियावुद्दीन बाकवी कथित तौर पर सदस्यों की भर्ती के लिए बैठकें आयोजित कर रहा था और युवाओं को भारत सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए इस्लामिक स्टेट की स्थापना की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करने, कट्टरपंथी बनाने और प्रेरित करने के लिए गुप्त कक्षाएं भी चला रहा था। उसने कथित तौर पर फेसबुक और यूट्यूब जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए तमिलनाडु और केरल के विभिन्न जिलों में नए सेल स्थापित करने की साजिश भी रची थी ताकि एचयूटी की विचारधारा को फैलाया जा सके।

एनआई का एक्शन! रियासी आतंकी हमले को लेकर राजौरी के कई स्थानों पर छापेमारी

जम्मू। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने रविवार को रियासी आतंकवादी हमले को लेकर जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में कई स्थानों पर छापेमारी की। आतंकवादियों ने 9 जून 2024 की शाम को रियासी जिले के पौने इलाके में शिवखोरी से कटरा जा रहे यात्रियों की बस पर गोलीबारी शुरू कर दी थी, जिससे बस पास की खाई में जा गिरी थी। इस आतंकी हमले के कारण एक बच्चा सहित नौ लोगों की मौत हो गई थी।

गिरफ्तार आरोपी ने किए कई खुलासे

एनआईए ने आतंकी साजिश का पर्दाफाश करने के लिए जांच के दौरान आतंकवादियों और ओजीडब्ल्यू के बीच लिंक को स्थापित करने के लिए कई सामानों को जब्त किया। रियासी एसपी के अनुसार आरोपी हाकीन दीन ने न केवल हमलावरों को पनाह दी, बल्कि उनकी गितिविधियों और कामों में खूब मदद की, जिससे यह घटना हुई। पूछताछ के दौरान हाकीन दीन ने खुलासा किया कि तीन आतंकवादी उसके घर पर रुके हुए थे। आतंकियों ने आरोपी को पैसे भी दिए थे।

रजौरी में 5 जगह हुई तलाशी

इस घटना के बाद एनआईए ने हाइब्रिड आतंकवादियों और ओवरग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) से जुड़े पांच जगहों की तलाशी ली। गिरफ्तार आरोपी हाकम खान उर्फ हाकीन दीन के ओर से बताए गए स्थानों पर एनआईए की टीम तालाशी के लिए पहुंची थी। एनआईए की जांच के अनुसार हाकम ने उन्हें (आतंकवादियों) रहने के लिए सुरक्षित स्थान, भोजन और जरूरी चीजें उपलब्ध कराया था।

'देश के दुश्मनों को सबक सिखाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी'

जम्मू-कश्मीर में जून में कई आतंकी हमले हुए के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को वहां की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करनी पड़ी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान श्रीनगर में कहा था, सरकार हाल के आतंकी हमलों को लेकर गंभीर है। देश के दुश्मनों को सबक सिखाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। शांति और मानवता के दुश्मन जम्मू-कश्मीर में विकास से खुश नहीं।

कनाडा ने दी भारतीयों के लिए खुशखबरी

एच-1बी वीजा धारकों के वर्क परमिट नियमों में दी ढील

एजेंसी ▶▶ ओटावा

कनाडा ने यूएस एच-1बी वीजा धारकों के लिए वर्क परमिट नियमों में ढील दी है। कनाडा सरकार के इस कदम को प्रमुख आईटी डेस्टिनेशन बनने के लक्ष्य की तरह देखा जा रहा है। कनाडा के वर्क परमिट नियमों में ढील से उसके शीर्ष आईटी गंतव्य के रूप में स्थिति अच्छी हो गई है।

भारतीयों के लिए भी इसे एक अच्छी खबर की तरह देखा जा रहा है। एच-1बी वीजा धारक भारतीयों को भी वर्क परमिट नियमों में छूट का फायदा मिलेगा। कनाडा के फैसले से उच्च कुशल पेशेवरों, विशेष रूप से आईटी-संबंधित व्यवसायों के लिए वहां जाना आसान होगा। इससे कनाडा की वैश्विक प्रतिभा पूल में प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त बनाए रखने की प्रतिबद्धता भी जाहिर होती है।जानकारी के मुताबिक, 1.2% की जीडीपी वृद्धि दर के साथ कनाडा आईटी पेशेवरों के लिए कई मौके देता है।

भारतीयों की पसंद रहा है कनाडा

कनाडा और भारत के संबंधों में हालिया वर्षों में गिरावट दिखी है। इसके बावजूद कनाडा भारतीयों के लिए पसंदीदा जगह रहा है। कनाडा में एक बड़े भारतीय समुदाय की उपस्थिति, करियर और शैक्षणिक गतिविधियों के लिए एक गंतव्य के रूप में भारतीयों के लिए कनाडा के आकर्षण को और बढ़ाती है। वैश्विक गतिशीलता में भारत की महत्वपूर्ण भागीदारी को देखते हुए हर वर्ष 25 लाख से अधिक भारतीय विदेश जाते हैं, इन नीतिगत परिवर्तनों से कनाडा की स्थिति एक वैश्विक शक्ति के रूप में फिर से स्थापित हो सकती है। कनाडा में कुशल भारतीय अक्सर सांस्कृतिक और व्यावसायिक अंतर को पाटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिससे उत्तरी अमेरिकी बाजारों में काम करने की इच्छा रखने वाले भारतीय व्यवसायों के लिए सहज संक्रमण की सुविधा मिलती है।

भारतीय नागरिकों के बीच लोकप्रियता का संकेत

वित्तीय वर्ष 2022-2023 में 15,000 से अधिक भारतीय तकनीकी पेशेवर कनाडा गए, जो तकनीकी प्रतिभा के लिए एक विश्वव्यापी केंद्र के रूप में देश की बढ़ती स्थिति और भारतीय नागरिकों के बीच इसकी लोकप्रियता का संकेत है। अमेरिकी एच1-बी वीजा धारकों के लिए वर्क परमिट नियमों में यह छूट अमेरिका में भारतीय आईटी पेशेवरों के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह उन्हें स्थिर रोजगार के अवसरों के साथ नए बाजार में अपने कौशल का लाभ उठाने के लिए एक वैकल्पिक मार्ग प्रदान कर सकता है। विशेष रूप से उन लोगों के लिए जो वर्तमान अमेरिकी आव्रजन माहौल में प्रतिबंधात्मक नीतियों या अनिश्चित नौकरी सुरक्षा से प्रभावित हैं।

ब्रिटेन में 4 जुलाई को होंगे चुनाव

स्वामीनारायण मंदिर पहुंचे सपत्नीक प्रधानमंत्री सुनक

एजेंसी ▶▶ लंदन

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति लंदन में प्रतिष्ठित बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर में पूजा-अर्चना करते हुए।

चुनाव का माहौल हो और नेता धार्मिक स्थलों पर जाकर आशीर्वाद न लें, ऐसा कैसे हो सकता है। भारतीय मूल के ब्रिटिश नेता ऋषि सुनक ने भी इसी परंपरा का पालन करते हुए लंदन के प्रसिद्ध स्वामीनारायण मंदिर का दौरा किया। इस बीच ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति ने अपने चुनाव प्रचार अभियान के आखिरी सप्ताह के अंत में लंदन स्थित प्रतिष्ठित बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर में पूजा-अर्चना की ब्रिटेन में प्रधानमंत्री पद के लिए इस साल 4 जुलाई को चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में वहां के सभी राजनेता मतदाताओं को लुभाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहे। सभी राजनीतिक दल जमकर प्रचार कर रहे हैं। ऋषि सुनक ने मंदिर परिसर का दौरा, स्वयंसेवकों और समुदाय के नेताओं से बातचीत करने के बाद लोगों को संबोधित किया। उन्होंने इस दौरान अपने धर्म से मिलने वाली प्रेरणा के बारे में बात की।

कनाडा: यूनियन की हड़ताल से एयरलाइन की 407 उड़ानें रद्द

ओटावा। कनाडा की दूसरी सबसे बड़ी एयरलाइन वेस्टजेट ने कॉन्ट्रैक्ट विवाद पर बातचीत फेल होने के बाद रखरखाव कर्मचारी संघ ने हड़ताल शुरू कर दी। इस हड़ताल से एयरलाइन को 407 उड़ानें रद्द करनी पड़ी हैं, जिससे 49,000 यात्री प्रभावित हुए हैं। एयरक्राफ्ट मैकेनिक्स फ्रेटरनल एसोसिएशन ने बताया है कि एयरलाइन की बातचीत करने की अनिच्छा के कारण यूनियन के सदस्यों ने शुक्रवार शाम को हड़ताल शुरू कर दी। कनाडा दिवस अवकाश सप्ताहांत के दौरान हवाई यात्रा प्रभावित होने से यात्रियों का काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की सरकार ने हड़ताल को रोकने के लिए कोशिशें की थीं लेकिन सफल नहीं हो सकीं।

चंद्रयान-3 के बाद चांद पर कमाल करेगा चंद्रयान-4

इसरो ने की भारतीयों को चांद पर ले जाने की तैयारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) एक बार फिर से अपने विज्ञान और तकनीक के अद्वितीय कारनामों से दुनिया को चौंकाने की तैयारी में है। इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया कि भारत 2040 तक इंसान को चांद पर भेजने की दिशा में तेजी से कार्य कर रहा है। यह मिशन चंद्रयान मिशनों की एक अहम कड़ी होगी, जो भारत को अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में एक नई ऊंचाई पर ले जाएगा।

चंद्रयान-4 लाएगा चंद्रमा से नमूने

पिछले साल, इसरो ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के निकट चंद्रयान-3 को सफलतापूर्वक उतार कर इतिहास रच दिया था। यह उपलब्धि न केवल भारत के अंतरिक्ष मिशनों में मील का पत्थर साबित हुई, बल्कि दुनिया भर में इसरो की वैज्ञानिक क्षमता और तकनीकी कौशल की सराहना भी हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चंद्रयान-3 की लैंडिंग साइट का नाम 'शिव शक्ति' रखा, जो अब इसरो के आगामी चंद्र मिशनों का एक महत्वपूर्ण बिंदु बनेगा।

पुष्पक की तीसरी बार सफल लैंडिंग से बढ़ा हौसला

इसरो ने बीते दिनों दोबारा इस्तेमाल में लाए जा सकने वाले प्रक्षेपण यान पुष्पक की लगातार तीसरी बार सफल लैंडिंग कराई थी। इसने अधिक चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में आरएलवी की लैंडिंग कराने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। पुष्पक को रनवे से 4.5 किलोमीटर दूर भारतीय वायुसेना के चिनूक हेलीकॉप्टर से छोड़ा गया। पुष्पक रनवे के पास पहुंचा और रनवे पर क्षैतिज लैंडिंग की।

2040 तक चांद पर पहुंचेंगे भारतीय

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2040 तक चांद पर इंसान को भेजने के आह्वान पर एस सोमनाथ ने कहा, हमें चांद पर उतरने के लिए कई चीजों में निरंतरता बनाए रखनी होगी, जिसमें मानव अंतरिक्ष उड़ान और ट्रांस-लूनर मानव अंतरिक्ष उड़ान शामिल हैं। हमें चंद्रयान मिशनों को जारी रखना होगा क्योंकि चांद पर जाना और वापस आना भी हमारी पहुंच में हो। हमें एक ऐसे स्तर तक पहुंचना होगा जहां शायद हमारे लोग चांद पर जा सकें और वापस आ सकें।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक राजेश मीणा द्वारा अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी एल टॉवर, 3-ए, विद्याआश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जेएलएन मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं बी-66, कुसुम विहार, जगतपुरा, मालवीया नगर, जयपुर से प्रकाशित।
सम्पादक-राजेश मीणा, Email : sanjeevnitoday@gmail.com मो: 8094811115, (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)